हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024



### टोकन लेने समिति तक पहुंच रहे किसानों को लौटना पड़ रहा बैरंग

## ऑनलाइन कोटा फूल, ऑफलाइन की संख्या में कटौती, टोकन नहीं मिलने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी के डेढ़ महीने बाद भी जिले में 40 फीसदी से अधिक किसान अपनी उपज नहीं बेच पाए हैं। अब खरीदी का अंतिम महीना शेष रह गया है। ऐसे में किसान अपना धान बेचने के लिए टोकन लेने समितियों के चक्कर काट रहे हैं, परन्तु समितियों में ऑफलाइन टोकन नहीं मिलने के कारण उन्हें बैरंग होकर ही लौटना पड़ रहा है। जबकि ऑनलाइन कोटे का टोकन पहले ही पूरा बुक हो चुका है। इस स्थिति से बचने के लिए ही सरकार ने 60 फीसदी ऑनलाइन एवं 40 प्रतिशत ऑफलाइन टोकन की लिमिट पहले ही तय कर दी है।

इधर किसानों को टोकन नहीं मिलने से उनमें भी नाराजगी देखने को मिल रही है। किसानों का कहना है कि मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर बना हुआ है, खेतों से कट चुकी फसल को सुरक्षित रखना उनके लिए भी चुनौतीपूर्ण कार्य साबित हो रहा है। किसान जल्द से जल्द अपनी उपज बेचकर किसी भी प्रकार के नुकसान की चिंता से मुक्त होना चाहता है। वहीं समिति प्रबंधकों का कहना है कि उठाव की सुस्त रफ्तार के चलते उनके उपार्जन केंद्रों में जाम जैसे हालत बने हुए हैं। यही कारण है कि वे चाहकर भी अधिक खरीदी नहीं कर पा रहे हैं। जबकि बड़ी संख्या में किसानों ने पहले ही ऑनलाइन टोकन ले लिया है। ऐसे में स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए ऑफलाइन टोकन सीमित संख्या में ही जारी किए जा रहे हैं।

**खास बातें**

- प्रदेशभर में 31 जनवरी तक की जाएगी सरकारी धान खरीदी
- ऑफलाइन टोकन नहीं मिलने से आ रही दिक्कतें



### किसानों से 515 करोड़ का ऋण वसूला

धान बेचने के बाद किसानों को होने वाले भुगतान में से ही लिंकिंग के जरिये कर्ज वसूली भी की जा रही है। राजनांदगांव जिले में अब तक किसानों से 271.27 करोड़ रुपए का कर्ज वसूला जा चुका है। वहीं खैरागढ़ जिले में 183.81 करोड़ रुपए एवं मोहला-मानपुर जिले में 60.76 करोड़ रुपए का ऋण लिंकिंग के जरिये वसूला गया है। ज्ञात हो भले ही किसानों से प्रति क्विंटल 3100 की दर से खरीदी हो रही है, लेकिन अभी किसानों को धान बेचने के बाद समर्थन मूल्य का ही भुगतान किया जा रहा है। शेष राशि का भुगतान बोनस के रूप में सरकार आगामी दिनों करेगी।

### 102729 किसान शेष

अविभाजित राजनांदगांव जिले में इस बार धान बेचने के लिए 248897 किसानों ने पंजीयन कराया है। 102729 किसानों से खरीदी बाकी है। इनमें राजनांदगांव जिले में 132468 पंजीकृत किसानों में से 81460 ने धान बेच लिया है। अब भी 51008 किसान अपनी उपज बेचने के लिए कतार में हैं। खैरागढ़ जिले में 71558 पंजीकृत किसानों में से 43576 ने धान बेच लिया है। 27982 किसान शेष है। वहीं वनांचल जिला मोहला-मानपुर में 44871 किसानों का पंजीयन हुआ है। अब तक 21132 किसानों ने धान बेचा है। 23739 किसानों से खरीदी होना बाकी है। शेष किसानों के पास 31 जनवरी तक अपनी उपज बेचने का समय है।

### उठाव में आई तेजी, डीओ-टीओ कट रहा

पिछले एक सप्ताह के दौरान अविभाजित राजनांदगांव जिले में परिवहन की रफ्तार काफी तेज हुई है। हालांकि अब भी प्रशासन के दावे के अनुसार उठाव नहीं हो पा रहा है। राजनांदगांव जिले में 40.18 लाख क्विंटल के मुकाबले 8.02 लाख क्विंटल उठाव हुआ है। खैरागढ़ जिले में 22.78 लाख क्विंटल खरीदी के मुकाबले 5.28 लाख क्विंटल उठाव और मोहला-मानपुर जिले में 10.22 लाख क्विंटल खरीदी होने के बाद भी 1.15 लाख क्विंटल का ही उठाव हो पाया है। अब भी उपार्जन केंद्रों में 58 लाख क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है।

## ओवरब्रिज में दुर्घटना, एक की मौत

### दो लोग घायल, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चिखली ओवरब्रिज में बीती रात हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं तीन घायल हो गए। चारों युवक अलग-अलग दो बाइक में सवार थे। घायलों को उपचार हेतु निजी चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात लगभग पौने दस बजे चिखली ओवरब्रिज खैरागढ़ रोड में दो बाइक में सवार चार युवक दुर्घटना के शिकार हो गए। जिसमें एक बाइक सवार युवक ओवरब्रिज के फुटपाथ में गिर गया। जिससे उसे गंभीर चोंट आई और उसकी मौत हो गई। मृतक युवक का नाम प्रफुल्ल गजभिये 26 वर्ष शंकरनगर चिखली बताया गया है।

ज्ञात हो कि शहर से गुजरने वाली चिखली ओवरब्रिज खैरागढ़ रोड में यातायात का




जबर्दस्त दबाव बना रहता है। हल्की से लेकर भारी एवं यात्री वाहनों का इस मार्ग में सुबह से देर रात तक आवागमन बना रहता है। खासकर शाम के बाद महावीर चौक से लेकर चिखली तक यातायात का दबाव बढ़ा हुआ रहता है। पूर्व में भी यहां गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी है। वहीं ओवरब्रिज पर बनी सड़क भी दयनीय स्थिति में है। जिससे यहां से आवागमन करने वालों को दुर्घटनाओं की चिंता बनी रहती है। रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कार्य में हो रही लेट लतीफी के चलते भी पटरी पार क्षेत्र में आने-जाने के लिए लोगों को चिखली ओवरब्रिज मार्ग से ही आवागमन करना पड़ता है।

### पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही

पुलिस के अनुसार इस घटना में बाइक में सवार अन्य युवक हेमंत यादव को हल्की चोंटे आई है। वहीं राकेश एवं नागेश को गंभीर अवस्था में उपचार हेतु चिखली के निजी चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। पुलिस के अनुसार रात लगभग पौने दस बजे हुए इस दुर्घटना को लेकर अज्ञात कार द्वारा ठोकर मारे जाने की बात सामने आ रही है। घायल युवक भी इस मामले में स्पष्ट रूप से पुलिस को जानकारी नही दे पा रहे हैं। इधर उक्त मामले में यह भी लोगो में चर्चा थी कि थार वाहन ने बाईक सवार को ठोका फिलहाल पुलिस इस दुर्घटना के मामले में आरोपी वाहन की जानकारी लेने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## चाकू दिखाकर डराया, युवक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर क्षेत्रांर्गत पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति दिग्विजय कॉलेज के पास चाकू लेकर आम राहगीरों को चाकू दिखाकर डरा-धमका रहा है। सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी गोली उर्फ विक्की पिता अनिल बांसफोड 19 साल निवासी



इंदिरा नगर बसंतपुर को चाकू दिखाकर लोगों को डराते-धमकाते पाये जाने पर आरोपी गोली उर्फ विक्की के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स कायम कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय राजनांदगांव में पेश ⏩ शेष पेज 12 पर

## आईजी ने जारी किया भर्ती रद्द का आदेश कंपनी के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच

### एसआईटी की टीम करेगी मामले की जांच, होंगे कई नए खुलासे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा बुधवार को राजनांदगांव पुलिस आरक्षक भर्ती को रद्द किए जाने का ऐलान किए जाने के बाद भी पीएचक्यू ने देर रात तक आदेश जारी नहीं होने से आज सुबह भी सशंय की स्थिति निर्मित रही। पीएचक्यू स्तर से आदेश के नहीं आने के बाद आईजी दीपक झा ने दोपहर को भर्ती रद्द करने के आदेश जारी किए हैं। इधर भर्ती के रद्द होने के बाद पुलिस महकमे ने जांच पड़ताल भी तेज कर दी है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव पुलिस आरक्षक भर्ती में व्यापक पैमाने पर फर्जीवाड़े की शिकायतें सामने आने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस



मामले में चर्चा की थी। बुधवार को सुशासन दिवस के अवसर पर सीएम के निर्देश पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने भर्ती को रद्द करने की जानकारी सोशल मीडिया के जरिये पत्रकारों को दी थी। इस मामले में देर रात तक पीएचक्यू से आदेश जारी नहीं होने से आज सुबह भी अभ्यर्थियों में सशंय की स्थिति निर्मित रही। बताया जाता है कि कुछ अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया के लिए बटालियन भी पहुंच गए थे। दोपहर को आईजी दीपक झा ने भर्ती रद्द करने के आदेश जारी किए, जब कहीं जाकर स्थिति क्लीयर हुई। इधर भर्ती के रद्द होने के बाद पुलिस ने फर्जीवाड़े की जांच पड़ताल भी तेज कर दी है। एसपी मोहित गर्ग सहित पुलिस प्रशासन के आला अफसर आज दिनभर बटालियन में जांच पड़ताल में व्यस्त रहे।

### स्टाफ से पूछताछ जारी

भर्ती के रद्द होने के बाद पुलिस ने हैदराबाद की कंपनी के स्टाफ को यहीं रोक लिया है। कंपनी के स्टाफ से पूरे डाटा लिया जा रहा है। बताया जाता है कि पुलिस ने कंपनी को भर्ती स्थल से किसी भी कम्प्यूटर सिस्टम को हटाने पर पाबंदी लगा रखी है। ऐसा माना जा रहा है कि एक-दो दिनों के भीतर इस मामले में कुछ और खुलासे भी हो सकते हैं।

### तकनीकी गड़बड़ी को बनाया आधार

आईजी द्वारा जारी आदेश में यह साफ तौर पर उल्लेख किया गया है कि हैदराबाद की टाईमिंग टेक्नालॉजी कंपनी द्वारा तकनीकी तौर पर व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। यही नहीं कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी कंपनी ने अपने साफ्टवेयर में कोई सुधार नहीं किए हैं। जिसके कारण ही पुलिस को इस भर्ती को रद्द करना पड़ गया है।

### शक्ति दिवस 29 को

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज शाखा राजनांदगांव द्वारा हल्बा समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ व युवा प्रभार द्वारा 29 दिसंबर को हल्बा सामाजिक भवन कमला कॉलेज राजनांदगांव के पीछे शक्ति दिवस एवं मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## जयंती कार्यक्रम आज

**राजनांदगांव।** ठेलकाडीह समीपस्थ ग्राम छछानपहरी में गुरुघासीदास बाबा की 268वीं जयंती का कार्यक्रम कल 27 दिसंबर को रखा गया है। जिसमें एक दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता रखा गया है। पुरूष वर्ग में सात पुरस्कार रखे गए हैं। जिसमें प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7000, तृतीय 5001, चतुर्थ 4001, पंचम 3001, षष्टम 2001 एवं सप्तम पुरस्कार 1001 रुपए है। ऐसे ही महिला वर्ग के लिए चार इनाम रखे हैं। जिसमें पहला इनाम पांच हजार, दूसरा 4001, तीसरा 3001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए है।










## खबर संक्षेप

### विधानसभा अध्यक्ष को दी बधाई



**सड़क अतरिया।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह का एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने गुरुवार को मुलाकात कर बधाई दिया। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों के लिए चर्चा किया।

### क्रिकेट स्पर्धा में मां नर्मदा टीम विजेता



**सड़क अतरिया।** नर्मदा में क्रिकेट टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चली स्पर्धा में 22 टीमों ने हिस्सा लिया। बुधवार को फाइनल मुकाबला मां नर्मदा एवं बरबसपुर गंड़ई के मध्य खेला गया। मां नर्मदा की टीम ने जीत दर्ज किया। विजेता टीम को 5000 एवं शील्ड तथा उपविजेता को 2500 रूपए दिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

### सांगिनकछार मड़ई 29 को

**कोकपुर।** ग्राम सांगिनकछार में आगामी 29 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में ज्ञान के पूजा नाच पार्टी मुरमाडी.का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी जितेन्द्र सिन्हा ने दी।

### बोदेला मड़ई 7 को

**तुमडीबोड़।** ग्राम बोदेला में आगामी 7 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में जय अंबे नाच पार्टी नीचे कोहरा वालों का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम प्रमुख हिरामन साहू, दुष्यंत वर्मा, मंथीर पटेल ने देते हुए क्षेत्र के आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### जयंती कार्यक्रम 30 को

**सोमनी।** ग्राम परमालकसा में आगामी 30 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम के साथ मंडई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मां के ममता नाच पार्टी चिखली का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी रामकिसुन साहू ने दी।

### सिख समाज के युवाओं का सम्मान



**एलबी नगर।** भाजपा मंडल लालबहादुर नगर ने बागनदी गुरुद्वारा में वीर बाल दिवस के अवसर पर सिख समाज के युवाओं को नारियल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर बोधीराम साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, गिरवर साहू, प्रशांत कोड़ापे, वर्षा गेड़ाम, चंद्रप्रकाश देशमुख सहित अन्य उपस्थित थे।

### क्रिसमस में शामिल हुई विधायक



**डोंगरगढ़।** बुधवारी पारा में स्थित वेसलियन चर्च में क्रिसमस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, विजयराज चौहान, हरीश भंडारी, एडविन हैदर शामिल हुए।

### सात दिवसीय रासेयो शिविर आरंभ



**डुंडेरा।** उच्चतर माध्यमिक शाला रेंगाकठेरा, पारागांव खुर्द, मुसरा, सुकुलदैहान के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम छुहिया में सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का उद्घाटन जनपद सदस्य जयचंद वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, नरसिंह वर्मा के आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य अरुणा अंबादे ने की। अतिथियों ने रासेयो के उद्देश्यों तथा महत्व पर विचार रखे। स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति, स्वच्छता हेतु लोगों को जागरूक करने की शपथ ली। शिविर में 205 स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम अधिकारी दानेश्वर लिल्हारे, पुनेश्वर साहू, भानुप्रताप लोधी, सुनीता धुर्वे एवं अनिल जंघेल शामिल हो रहे हैं।

### रमेश राही को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि



**डोंगरगांव।** नगर के कवि, समाजसेवी, शिक्षाविद रमेश जैन राही को साहित्यिक योगदान एवं सामाजिक कार्यों के लिए मैजिक बुक ऑफ रिकार्ड तथा मैजिक एंड आर्ट्स यूनिवर्सिटी फरीदाबाद ने आनरेरी डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया है। लाइव सम्मान समारोह आगामी 18 जनवरी को फरीदाबाद में आयोजित है। उल्लेखनीय है कि मैजिक एंड आर्ट्स यूनिवर्सिटी फरीदाबाद द्वारा यह अवार्ड साहित्य तथा समाजसेवा के क्षेत्र में दिया जाता है। रमेश राही अनेक साहित्यिक संस्थाओं से जुड़े रहकर अनवरत साहित्य सृजन कर रहे हैं। उनके प्रकाशित काव्य संग्रह जिन्दगी मुस्कुराती रहे को काफी सराहना मिली थी। द्वितीय काव्य संग्रह भी शीघ्र प्रकाशित होने वाला है। श्री राही की इस उपलब्धि से उत्साहित साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं सामाजिकजनों ने उन्हें बधाई दी है।

### मानस सम्मेलन 28 से

**रामाटोला।** ग्राम पंचायत झिंझारी में दो दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 28 एवं 29 दिसंबर को किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मंडलियां शामिल होंगी। आयोजक समिति ने अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की है।

**कल्याणपुर।** ग्राम फकीरटोला- अंडी में श्री राम मानस महोत्सव का आयोजन 28 एवं 29 दिसंबर तक किया गया है। आयोजक श्री सरस्वती शक्ति मानस परिवार एवं ग्रामीणों ने लोगों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### एसोसिएशन ने मनाया जयंती

**डोंगरगढ़।** आल इंडिया रेलवे एससी- एसटी एसोसिएशन के तत्वावधान में गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। एसोसिएशन कार्यालय में घासीदास और बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती अगरबत्ती प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि अनमोल बौद्ध, विशिष्ट अतिथि श्री बिसेन, अनिल लांडगे थे। संचालन एचके आजाद ने किया। प्रारंभ में डॉ मनोज गजभिये ने बाबा का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। इस मौके पर अमिताभ दुफारे, श्री बिसेन, तनय टांडिया, अनमोल बौद्ध सहित अन्य ने संबोधित किया। इस दौरान सचिन कुमार, शैलेन्द्र कुमार, मनोहर कामले, हिरामन टेम्भुरकर, मुकेश ढोके, धीरज धमगाये, अजय मेश्राम, मुकेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## जनपद सदस्यों ने लगाए कई गंभीर आरोप

# मनमानी के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जनपद सदस्यों ने सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न विभागों से जानकारी हासिल करने का प्रस्ताव किया था। इस संबंध में सीईओ के आवश्यक निर्देश देने के बाद भी जानकारी नहीं मिलने पर गुस्साए जनपद सदस्यों ने धरना प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र की समस्या को देखते हुए संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त करने 9 अक्टूबर एवं 22 नवंबर को सामान्य सभा की बैठक में कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, शिक्षा, लोक निर्माण एवं विद्युत विभाग से आवश्यक जानकारी मांगा गया था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आदेशित करने के बाद जनपद सदस्यों के द्वारा प्रत्येक दिन सूचना भेजने के लिए आग्रह करने के बाद भी जनपद के सहायक ग्रेड 3 कोमल जंघेल द्वारा लापरवाही पूर्वक कार्य करते हुए प्रस्ताव को गंभीरता से नहीं लेते हुए सूचना नहीं भेजा गया है।

### चरम पर कमीशनखोरी

जनपद सदस्य गुलशन तिवारी ने कहा कि मनरेगा शाखा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में कमीशन खोरी चरम पर है। विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा बिना लेनेदेन किए कोई काम नहीं किया जाता। जानकारी के अनुसार जनपद सदस्यों की अनुशंसा से 15 वे वित्त, विवेकानंद युवा प्रोत्साहन, जनपद स्थापना, आकस्मिक मद आदि की जानकारी जनपद सदस्यों को नहीं दिया जाता है। सदस्यों का आरोप है कि आजीविका मिशन अंतर्गत महिला समूह के प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को गुणवत्ताहीन भोजन खिलाकर गड़बड़ी किया जा रहा है।

### अब कलेक्टर से शिकायत की तैयारी में जनपद सदस्य



### अनदेखी से सदस्य परेशान

जानकारी के अनुसार महिला बाल विकास विभाग ने स्थाई समिति की बैठक लिए बगैर ही भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर लिया है। भर्ती का अनुमोदन सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन से नहीं कराया गया है। वर्तमान में रिक्त पदों पर यहीं प्रक्रिया अपताते हुए भर्ती प्रक्रिया पूरा किया जा रहा है। जनपद सदस्यों का कहना है कि जब भर्ती प्रक्रिया में समिति के अनुशंसा की आवश्यकता नहीं है तो फिर समिति का औचित्य क्या है?

### बजट की जानकारी नहीं

जनपद सदस्यों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023- 24 के वार्षिक बजट का अनुमोदन बिना चर्चा के पारित कर लिया गया है। उनका कहना है कि बैठक रजिस्टर में जगह छोड़कर रखा जाता है और जब मर्जी होती है तब मनमर्जी से प्रस्ताव दर्ज कर लिया जाता है।

### सचिव की नियुक्ति में अनियमितता

ग्राम पंचायत पेंडरवानी में जिला पंचायत सीईओ के अनुमोदन बगैर मनपसंद सचिव नियुक्त कर वित्तीय अनियमित किया गया है। जिसकी जांच 1 वर्ष से लंबित है। विभिन्न मदों के विभिन्न कार्यों का अनुमोदन कर स्वीकृति के बाद जेएम पोर्टल के पंजीयन में अनियमितता के चलते बहुत सारे विकास कार्य अधूरे हैं जिस पर भी जनपद सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त किया। प्रदर्शन के बाद सदस्यों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार श्री प्रधान को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में जनपद उपाध्यक्ष ललित मौर्य, सभापति गुलशन तिवारी, लाकेश्वर चंदेल, रिखीराम पटेल, सुरेश पटेल, गोविंद जंघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष पातिका संजय महोबिया, ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, गौकरण जंघेल, तेजराम वर्मा, रोहित यादव, आशीष देवांगन, जिपं सदस्य प्रतिनिधि गणेश वैष्णव, मनीष कोचर, भीखम वर्मा, सुरेश वर्मा, ब्रोहित यादव, संजय जंघेल, सोमलाल नेगी, सुमरण जंघेल, अशरफ़ सिद्धकी, संजू जंघेल, अमन सोनी, ओमेश वर्मा, लेखनारायण टांडेकर, यशवंत जंघेल, अनिल विश्वकर्मा, अग्रहित साहू, हरिचंद वर्मा, दशरथ जंघेल, ओमकार सिन्हा, बुधारू वर्मा आदि शामिल हुए।

# खरीदी के महीने भर बाद भी केन्द्रों में जाम की स्थिति



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

- कई समितियों में बफर लिमिट से ज्यादा धान जाम
- अब तक परिवहन ने नहीं पकड़ा गति

धान खरीदी शुरू हुए एक माह से अधिक समय गुजर गया है पर अब तक परिवहन व्यवस्था पटरी पर नहीं आ सकी है।

सहकारी समितियां प्रशासन से धान का उठाव करने की मांग करते आ रही है किन्तु डीओ और टीओ जारी होने के बाद भी धान का अपेक्षित उठाव नहीं होने से समस्या जस के तस बनी हुई है। धान खरीदी शुरू होने के पखवाड़े भर बाद से धान उपार्जन केन्द्रों में जाम की समस्या बनने लगी थी जो अब तक नहीं सुलझी है। जिस हिसाब से केन्द्रों में धान का आवक हो रही है उनके अनुपात में उठाव काफी धीमा है। जानकारी के अनुसार संड़ी, कुकुरमुड़ा अतरिया, बुंदेली, विचारपुर में रोज जाम की स्थिति देखने मिल रही है। केन्द्र में जगह नहीं होने के कारण सड़क में घंटों धान से भरे वाहनों की कतार लगी रहती है।

## रोचक मुकाबले में भुलाटोला विजेता



**सड़क अतरिया।** गुमानपुर में युवा इलेवन क्रिकेट टीम एवं ग्रामीणों के तत्वावधान में टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में 32 टीम शामिल हुई। अंतिम मुकाबला सिंगारपुर एवं भुलाटोला टीम के मध्य खेला गया। रोचक मुकाबले में भुलाटोला टीम विजेता रही जिसे 14 हजार नगद, ट्राफी तथा उपविजेता सिंगारपुर को 7 हजार एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। तीसरा एवं चौथा पुरस्कार पद्मावतीपुर एवं अकोली को क्रमशः 3001 एवं 1501 रूपए दिया गया। पुरस्कार वितरण सरपंच ललित कुमार जंघेल, महेश जैन, डोमार सिंह भेड़िया ने किया। समापन मौके पर अनिल जंघेल, ओकेश कुमार, अमित जंघेल, फलेश्वर कुमार, जग्गी, मोरध्वज, डुमन, टाकेश्वर, रामेश्वर, आशीष जंघेल, भवानी, चमन, रमेश, राजेश आदि मौजूद थे।


# सूखने लगे नदी नाले और कुएं क्षेत्र में गहराने लगा जलसंकट

**गंडई पंडरिया।** शीतकाल में ही नगर की एकमात्र जीवन दायनी सुरही नदी सूखने लगी है जबकि गर्मी के दस्तक देने में 4 से 5 माह शेष है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि गर्मी के दिनों में लोगों को विकराल जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार नगर पंडरिया वार्ड 1 से छीराहीडीह एवं दर्जनों गावों में नदी के 200-300 मीटर के दायरे में स्थित कुआ और बोर का जलस्तर कम होने लगा ह क्योंकि नदी में पानी रहने से कुआं और बोर का जल स्तर बना रहता है। गर्मियों के दिनों में उक्त कुए और बोर सूख जाएंगे साथ ही निकाय को भी पानी सप्लाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### प्रशासन नहीं ले रहा सुध

जानकारी के अनुसार जल संकट के आसार दिखाई देने के बाद भी प्रशासन जल संरक्षण की दिशा में सुध नही ले रहा है। प्रशासन की अनदेखी के कारण आने वाले महीनों में क्षेत्र में जल संकट गहरा सकता है।



### नदियों का संवर्धन जरूरी

साहित्यकार डॉ पीसी लाल यादव ने बताया कि बीते कुछ सालों से नदियों में अतिक्रमण हुआ है। नालियों का गंदा पानी नदियों में छोड़ा जा रहा है। ईंट भट्ठों के लिए नदी के पानी का दोहन किया जा रहा है। सुरही नदी के सरंक्षण, संवर्धन की ओर किसी का ध्यान नहीं है जिससे जल संकट दिखने लगा है। प्रशासन सहित नागरिकों को मिलकर नदियों के संवर्धन का प्रयास करना होगा तभी सुरही नदी का अस्तित्व बच पाएगा।

### सूखने लगे कुएं और बोर

जानकारी अनुसार कुछ सालों पहले तक भड़भड़ी डेम से पानी छोड़ने के बाद नदी और अन्य जल स्त्रोत का जलस्तर बना रहता था। बीते कुछ सालों में अंधाधुंध बोर खनन के बाद जलस्तर काफी नीचे चला गया है। वहीं सुरही नदी के जल में भी कुछ सालों से गिरावट आने लगी है। वहीं क्षेत्र के किसान धान की दोहरी फसल लेने के कारण वह पानी का लगातार दोहन कर रहे हैं जिससे भी जल स्तर साल दर साल नीचे जा रहा है। यही वजह है कि बारिश के बाद से जलसंकट नजर आने लगा है।जानकारी अनुसार बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक किसानों ने ज्यादा रकवा में धान की फसल लगाया है जिसके कारण गर्मियों के दिन में पंडरिया सहित अन्य जगहों के निवासियों को जल संकट से जूझना पड़ सकता है।

## उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को किया प्रोत्साहित



**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधा के बारे में भी बताया गया। क अभियान अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सेमेस्टर पद्धति से परीक्षा, सामान्य चयन, वैल्यू एडेड कोर्स आदि के बारे में बताया गया। एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब और क्रीडा विभाग आदि गतिविधियों से अवगत कराया गया।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# शहीद गैंदसिंह की शहादत को लोगों ने किया नमन



- कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों आदि का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज औंधी, सरखेड़ा, सालेभट्टी, बागडोंगरी सर्कल ने गत दिनों दुर्गा मंच राजकट्टा में शक्ति दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने आराध्य देवी माई दंतेश्वरी की पूजा अर्चना और झंडारोहण कर किया। इस मौके पर समाज के प्रतिभावान बच्चों, कर्मचारियों आदि का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक गीत, बाजा, झंकार के साथ कतारबद्ध महिलाएं, पुरुष और बच्चे थिरकते रहे। क्षेत्र के गायता, पटेल सहित अन्य कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर शहीद गैंद सिंह की शहादत एवं उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमार साय बापू पवार थे। अध्यक्षता आदिवासी हल्बा समाज के अध्यक्ष हरिराम जूनघरे ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री पवार ने कहा कि समाज में एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सबको आपसी मतभेद भूलना होगा। इस दौरान माखन लाल पिस्दा, भानु रावटे, नाजुक तारम, कार्तिक भुरकुरिया, रमेश तारम, रामचंद्र कुपाल, गणपत आर्य, सुमन किरसान, कंचन माला भुआर्य, दुर्गाबाई मेरिया, बचन बाई, तामन रावटे, जनक आर्य, दर्शन भुरकुरे, प्रकाश गवरना, चमर सिंग, टीकम कोठारी सहित अन्य मौजूद थे।

## पीटेपानी मंडई आज

**सड़क चिरचारी।** ग्राम पीटेपानी में कल 27 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में भेंडरा वालों का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पूर्व सरपंच डा. संतराम उइके ने दिया।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सामाजिक समरसता यात्रा का स्वागत

**छुरिया।** नर्मदा से निकले साधु संतों की टोली और रथ के यहां पहुंचने पर आत्मीय और जोशीला स्वागत किया गया। इस यात्रा में संत वेदप्रकाश महाराज के साथ दर्जनों संत शामिल हैं। यात्रा के यहां पहुंचने पर घासी साहू, किरण वैष्णव, सीमा सिन्हा, संजय सिन्हा, राधेश्याम शर्मा, धन्ना यादव, शीशपाल साहू, नैनसिंग पटेल, हेतराम साहू, अशोक मरकाम, स्वप्निल पटेल, सोहन साहू, मायाराम साहू, कुंदन बडोले, भर्ती रजक, रमेश कश्यप, प्रकाश साहू, योगेश पटेल, टुम्मन देवांगन, खिलेश साहू, लेखराम निर्मलकर, विमला सिन्हा, लक्ष्मी यादव, संगीता यादव, टामेश कुंभकार, ईश्वर लाड़े, सौरभ सोमानी सहित अन्य ने स्वागत किया।

### विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए कांग्रेस नेता



**सड़क अतरिया।** जनपद पंचायत छुईखदान के अंतर्गत विभिन्न गांव में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय वर्मा ने शिरकत किया। उन्होंने ग्राम भेंडरा, भरदागोड़, ठाकुरटोला, पैलीमेटा में कबड्डी प्रतियोगिता और साल्हेकला में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि धान खरीदी में लगातार किसानों को लूटा जा रहा है। सरकार 40.626 किलो ग्राम प्रति कट्टा खरीदी करने का आदेश जारी करती है लेकिन किसानों से धान खरीदी केन्द्र में 41.200 किलो खरीदी किया जा रहा है। इस दौरान भुनेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य ममता पाल, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल, पूरन जंघेल, रेखचंद, केशव मिश्रा, हिरामन जंघेल, बबलू जंघेल, प्रताप जंघेल एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### सफल होने से पहले अच्छा इंसान होना आवश्यक

**खैरागढ़।** जिला स्काउट गाइड के द्वितीय सोपान प्रशिक्षण व जांच शिविर के समापन अवसर पर सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा किसी भी कार्यक्षेत्र में सफल होने से पहले व्यक्ति का एक अच्छा इंसान होना आवश्यक है। एनसीसी,एनएसएस व स्काउट गाइड के कैंप से न केवल अनुशासन की सीख मिलती है बल्कि सेवा भावना जागृत होती है। समाज में ऊंच-नीच, छोटे-बड़े की भावना क्षीण होती है और समरसता का भाव आता है। भागवत शरण सिंह ने कहा कि इस तरह के कैंप एक तरह से व्यक्तित्व विकास की पाठशाला हैं, जो कैंप ज्वाइन करने वाले और कैंप से अलग रहने वालों के अंतर को आसानी से बता देता है। उन्होने कहा कि शिक्षण संस्था के बाद छात्रों को एक कैडेट के रूप में व्यवहारिक ज्ञान इस तरह के कैंप से ही हासिल होता है। इस दौरान सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, आजीवन सदस्य व व्याख्याता कमलेश्वर सिंह, अधिवक्ता राजीव चंद्राकर, शिशिर मिश्रा, श्रीश पांडे, केके वर्मा, सुरेश गुनी, इंदिरा चंद्रवंशी, नीलू सिंह, अनुराग मालवीय सहित ग्राम सरपंच, एसएमडीसी अध्यक्ष व ग्रामवासी मौजूद रहे। समापन अवसर पर आयुक्त और जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने कहा कि छात्रों को निश्चित तौर पर इस तरह के कैंप का हिस्सा बनना चाहिए क्योंकि कैंप में मिली सीख और प्रशिक्षण उन्हे औरों से अलग बनाता है।

स्काउट गाइड के छात्रों में लीडर शिप क्वालिटी डेवलप होती है, जो आगे बढ़ने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि कैंप में शारीरिक गतिविधियों से लेकर मानसिक गतिविधियां तक संचालित हैं जो एक छात्र के व्यक्तित्व में निखार लती हैं। इस दौरान शिविरार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसमें छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम भी शामिल था। विक्रमपुर सरपंच की मांग पर एक शिक्षकीय प्राथमिक शाला में जिला शिक्षा अधिकारी की सहमति से जल्द ही शिक्षक उपलब्ध होने की घोषणा सांसद प्रतिनिधि भागवतशरण सिंह ने की।

### बैहाटोला प्राथमिक शाला में मना वीर बाल दिवस

# वीर बलिदानी बच्चों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के बैहाटोला प्राथमिक शाला में पांडादाह मंडल के पूर्व अध्यक्ष नरोत्तम सिंहा के मुख्य आतिथ्य में वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा ने की। भारत माता और वीर बलिदानी बच्चों के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन बाद देवरी हायर सेकेंडरी स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवको और प्राथमिक शाला के बच्चों के मार्च पास्ट किया।

सलामी बाद मंचीय आयोजन में मुख्य अतिथि नरोत्तम सिंहा ने वीर बाल दिवस आयोजन को लेकर उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कहा कि सिक्ख संप्रदाय के धर्मगुरु गुरु गोविंद सिंह के पुत्र अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने किस तरह देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा ने भारत देश की वीर बच्चों और महापुरुषों की जन्मस्थली बताते हुए देश की माटी को गर्वोंवित करने वाला कहा। प्राशा प्रपा भगवती प्रसाद सिंहा ने कार्यक्रम मे मौजूद ग्रामीणों व बच्चों को वीर बच्चों की पूरी कहानी से अवगत कराते हुए देश व धर्म की रक्षा करने बच्चों को प्रेरित किया। इस दौरान सरपंच राधे लाल ऊके, घनश्याम वर्मा, उमेद ऊके, जीवन वर्मा, एनएसएस प्रभारी सतीश टांडेकर सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।



### बाजार अतरिया में साहिबजादो को किया नमन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाजार अतरिया में भाजपा पिव मोर्चा जिलाध्यक्ष व समिति अध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा के मुख्य आतिथ्य मे संगोष्ठी आयोजित कर वीर बाल दिवस मनाया गया। गुरू गोवदिं सिंह के बलिदानी साहिबजादो को नमन करते हुए प्राचार्य ने स्वागत भाषण में वीर बाल दिवस की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। जिसके बाद विभिन्न वक्ताओं ने संगोष्ठी में अपना अपना विचार साझा करते हुए साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान, साहस और धार्मिक स्वतंत्रता के प्रति उनके अडिग संकल्प की चर्चा की। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष केशव चंदेल, वर्तमान मंडल अध्यक्ष देवकुमार सेन, रामकुमार जोशी, प्रेमसागर गुप्ता, स्कूल समिति अध्यक्ष कमल शर्मा, रोहित जंघेल, लाला वर्मा, फिरन वर्मा, नरेश कुर्रे, राजू वर्मा, लोकेश उपाध्याय, पूर्णचंद गुप्ता, जागेंद्र मानिकपुरी, गजेश वर्मा, उत्तम वर्मा, आकाश वर्मा, ओमकार वर्मा सहित शाला स्टाफ व स्टुडेंट्स मौजूद थे।

# जिला स्तरीय प्रतिभा खोज निबंध स्पर्धा, 149 छात्र-छात्राएं हुए शामिल



**खैरागढ़।** जिला मुख्यालय में साहित्य वाचस्पति डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी की स्मृति में शांतिदूत संस्था द्वारा प्रतिभा खोज निबंध प्रतियोगिता कराई गई। साहित्यकार डॉ.बल्देव प्रसाद मिश्र का हिंदी साहित्य में योगदान विषय पर तीन वर्गों में आयोजित आयोजित निबंध लेखन स्पर्धा में खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, जालबांधा सहित जिले के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत 149 बच्चों ने रचनात्मक लेखन किया। स्पर्धा में विजयी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता तीनों वर्गों में स्थान प्राप्त करने पर जल्द ही कार्यक्रम आयोजित कर पुरस्कृत किया जाएगा। दिवंगत पत्रकार प्राकृत शरण सिंह की स्मृति में भागवत शरण सिंह द्वारा सभी विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया जाएगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने पर्यवेक्षक के रूप में संस्था संयोजक अनुराग शांति तुरे, याकूब खान, सुनील गुनी, डॉ.मकसूद अहमद, डॉ मेधाविनी तुरे, डॉ उमेद चंदेल, ऋषिदीप सिंह, मंगल सारथी, दावेंद्र देशमुख, समशुल होदा खान, अमीन मेमन, किशोर शर्मा, शबाना बेगम, वंदना टांडेकर, इमला वर्मा, सुमन ठाकुर, मानसी धुर्वे, महेश्वरी जंघेल, मनोहर सेन व विनोद वर्मा सहित जिला प्रशासन, निर्मल त्रिवेणी महाभियान संस्था, ड्रीम्स एकेडमी, जिला अधिकारी-कर्मचारी मुस्लिम फेडरेशन व इकरा फाउंडेशन का सहयोग रहा।

# अजा-अजजा संयुक्त मोर्चा ने दिया धरना, अमित शाह का मांगा इस्तीफा

## राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संविधान निर्माता बाबा साहेब के खिलाफ संसद में अमर्यादित टिप्पणी से नाराज अजा-अजजा संयुक्त मोर्चा ने धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

मोर्चा जिलाध्यक्ष संतराम छेदैया, संतोष मारिया, जेठू मारकंडेय, संतोष मरावी, बहादुर कुर्रे, साधु छेदैया, उत्तम कुमार बागड़े, फत्तू साहू, सुमेर केलकर, कुजबिहारी नेताम सहित अन्य ने कहा कि 17 दिसंबर को संसद भवन मे भाजपा के वरिष्ठ नेता और मोदी केबिनेट में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने वक्तव्य मे संविधान निर्माता और मानव समाज के मसीहा डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया है जिससे पूरा समाज आहत है। गृहमंत्री के वक्तव्य को अशोभनीय, असंवेदनशील और घृणित मानसिकता से प्रेरित बताते हुए कहा कि देश को लोकतांत्रिक मूल्य प्रदान करने वाले महामानव का अपमान किसी भी स्थिति में समाज स्वीकार नही कर सकता। गृहमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने, आपत्तिजनक बयान को संसद की कारवाई से बाहर करने के साथ साथ मंत्री मंडल से बाहर करने की मांग वाला ज्ञापन नायब तहसीलदार मोहनलाल झारिया को सौंपते हुए उन्होंने राष्ट्रपति से संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने इस विषय पर उचित कारवाई करने की मांग की है।



## घर में पिला रहे थे शराब, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मदिरा पान की सुविधा उपलब्ध कराने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रामटोला का मनोज देवांगन अपने घर के सामने लोगों को शराब पीने की सुविधा मुहैया करा रहा है।

सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया। मौके से शराब पीने बैठे व्यक्ति भाग गए। पुलिस ने शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले मनोज देवांगन पिता भागचंद देवांगन को दस्तावेज पेश करने धारा 94 बीएनएसएस की नोटिस तामिल किया। आरोपी के पास से 1 पौवा शोले देशी मदिरा प्लेन शराब, 1 पौवा शोले देशी मदिरा प्लेन शराब की शीशी में लगभग 60 एमएल, 4 नग डिस्पोजल गिलास, 4 नग पानी पाउच जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी मनोज देवांगन के खिलाफ धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया। इसी प्रकार मुरमुंदा बाजार चौक के पास मेढा निवासी जितेन्द्र देवांगन द्वारा चखना दुकान में शराब पीने की सुविधा कराने पर कार्रवाई किया गया।

# जिपं में सामान्य सभा की बैठक सभापति विप्लव ने उठाया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिला पंचायत की सामान्य सभा में सभापति विप्लव साहू ने विकासखंड के विभिन्न मुद्दों को सदन में रखा। वनमंडल द्वारा केबल बिछाने के कार्य में वन अधिनियम नियम विरूद्ध पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का मुद्दा उठाया। सभापति ने सदन को बताया कि केबल बिछाने के कार्य मे मजदूरों से काम न लेकर जेसीबी से खुदाई की जा रही है, जिससे कीमती लकड़ियों सहित वन संपदा को नुकसान हो रहा है। विकासखंड के बैहाटोला स्कूल के प्रधान पाठक किशोर शर्मा पर सालों से सिविल सेवा आचरण के विरुद्ध काम करने की जानकारी होने के बावजूद शिक्षा विभाग द्वारा किसी प्रकार की जांच नही किया जाना और तमाम शुचिता, नियमों को दरकिनार करते हुए उन्हें बिना मैदानी स्थिति का परीक्षण किए विशेष अलंकरण की सूची में नामित किए जाने को अन्य शिक्षकों का मनोबल तोड़ने वाला बताते हुए कहा कि चोरी ऊपर से सीनाजोरी कहावत को चरितार्थ करते हुए उक्त शिक्षक किशोर शर्मा द्वारा उनके, काबिल शिक्षक साथियों और निर्भिकता के साथ समाचार प्रकाशन करने वाले पत्रकार के खिलाफ खैरागढ़ थाने मे आवेदन दिया गया है। सदन में मौजूद जिपं सदस्यों ने इस घटना की कड़ी निंदा की जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू ने जिला प्रशासन को उक्त मामले में तत्काल निष्पक्ष कारवाई करने कहा।

### पत्थर निकासी, सड़के बदहाल

ब्लॉक के कलकसा, बलदेवपुर, घोटिया और साल्हेभर्री इलाके के चूना पत्थर खदानों की खुदाई को लेकर क्रेशर संचालकों द्वारा तमाम नियमों की धज्जियां उड़ाने वाला बताते हुए जिपं सभापति विप्लव साहू ने जिपं सदन में कहा कि उक्त खदानों से चूना पत्थर परिवहन के चलते सड़के बदहाल हो गई है। जिससे सामान्य आवाजाही में भी स्कूली बच्चों, महिलाओं और किसानों को बरसों से बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन इन संचालकों के खिलाफ आंखे मूंदे हुए है। जिपं सभापति ने कहा कि बिना पर्यावरण क्लियरेंस के संचालन करने, सुरक्षा मानकों के विपरीत कार्य, रायल्टी चोरी आदि अनियमितताओं पर कारवाई करने उन्होने जिला प्रशासन को पत्र लिखा है, लेकिन सुस्त प्रशासन द्वारा आज पर्यन्त तक इस मामले में कुछ नही किया गया। सदन ने इस मामले मे रोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से पत्र व्यवहार करने कहा है।

# समितियों का गृहमंत्री ने किया वर्चुअल शुभारंभ



**खैरागढ़।** सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकार से समृद्धि स्कीम तहत केंद्रीय गृह मंत्री व सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा देश भर मे 10 हजार नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। जिसमें जिले के नवीन वनधन विकास केंद्र सहकारी समिति मर्यादित पांडादाह, साल्हेवारा और गंडई भी शामिल है। शुभारंभ कार्यक्रम में तीनों समितियों के अध्यक्ष-सहित सहित विभागीय अधिकारी जिला कार्यालय से वर्चुअली माध्यम से जुड़े। शुभारंभ बाद जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू, जनपद सदस्य शैलेंद्र त्रिपाठी, शैलेंद्र मिश्रा, तोप सिंह और पूकराम सिन्हा द्वारा नवगठित समितियों के अध्यक्ष-सदस्यगणों को पंजीयन प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। साथ ही जिले के गाडाडीह समिति द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए संतोष कुमार गौतम का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के आलोक शर्मा, सहकारी संस्थाएं खैरागढ़ सहायक पंजीयक रघुराज सिंह, सहायक वन अधिकारी अमृतलाल खुटें सहित अन्य उपस्थित थे।

# पवनतरा में गुरु घासीदास जयंती मनाई गई

**खैरागढ़।** ब्लॉक के पवनतरा में गुरु घासीदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार गुरु घासीदास द्वारा सीखाए और बताए मनखे मनखे एक समान के मार्ग पर चल रही है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों, जातियों और समाज के विकास के लिए कृत संकल्पित होकर पीएम नरेन्द्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय को आत्मसात कर देश का विकास करने मे जी जान से जुटे हुए है। सतनामी समाज के पंथ प्रवर्तक संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में मौजूद जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार बाबा के दिए संदेशों और विचारों पर चल रही है। मनखे मनखे एक समान का जो संदेश उन्होंने दिया था वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले था। सबको बराबरी का सम्मान और हक देने का संकल्प भाजपा सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, घर-घर तक साफ पानी के लिए नल कनेक्शन, बिजली सुविधा, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत फ्री में एलपीजी गैस कनेक्शन और प्रत्येक नागरिक को जनधन योजना अंतर्गत बैंकिंग सुविधा से जोड़ना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदर्शित होता है। विक्रांत सिंह ने जैतखाम की पूजा अर्चना कर ध्वज फहराया व गुरु घासीदास के मार्ग को मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान अनिल अग्रवाल, जालबांधा सरपंच दीनदयाल सिन्हा, केशव चंदेल, अनूपलाल वर्मा, जयप्रकाश साहू, बसंत टंडन, राजेंद्र वर्मा, हेमंत देशमुख, प्रमोद भगत, रिखब जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# भारत रत्न अटल की जयंती पर जिलेभर में मना सुशासन दिवस





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपायी की 100 जयंती को पालिका कार्यालय में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुवल अटल परिसर का भूमिपूजन किया। सर्वप्रथम प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं भाजपा कार्यकर्ताओं, पार्षदों ने अटल जी के चित्र में पुष्पमाला अर्पित कर शष्द्धाजंलि अर्पित किया। श्री वाजपेयी के विकसित भारत की परिकल्पना और अंतिम व्यक्ति के विकास के प्रयास को उनकी कविता के माध्यम से रखा गया। शहर भाजपा के पहले अध्यक्ष प्रदीप बाघ सहित अन्य केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान सुरेन्दसिंह बन्नोआना, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रकाश चौरडिया, महेन्द्र अग्रवाल, सुनील जैन, अमित जैन, परविंदर सिंग मोंटी, सत्यप्रकाश मिश्रा, जस्प्रीतसिंग, ललित शर्मा, मुकुंद कंडरा, राकेश अग्रवाल, सुमित मिश्रा, मधु अग्रवाल, जस्मितसिंग बन्नोआना, ज्योति बडवाइक, सविता दरगढ़, सुषमा कोठारी, जैन साहु, गीता मानिकपुरी आदि मौजूद थे।

### सुशासन दिवस मनाया गया

मुढ़ीपार के अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती धूमधाम से ग्रामीणों ने मनाया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, कांति केशव साहू, संतोष सिन्हा, हरि साहू, पंचूराम साहू, कुमेश साहू, खेम सिन्हा, किशोर साहू, प्रेम सिन्हा, बिमलाबाई, खेमराज सिन्हा, सतीश सिन्हा, छबिल सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, मनोज यादव, सचिव भागवत साहू एवं रोजगार सहायक टीकम साहू उपस्थित थे।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के 100 वे जन्मदिन के अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सुशासन दिवस मनाते हुए अस्पताल



में फल वितरण किया। भर्ती मरीजो के स्वास्थ्य की कामना करते हुए श्री बाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में प्रदेष भाजपा महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, शहर भाजपा अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नौआना, प्रकाश चौरड़ियां, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, अमित जैन, उमा महेश वर्मा, सुनील जैन, मधु अग्रवाल, रमन डोंगरे, सविता दरगढ़, सुषमा कोठारी, ज्योति बाजपेयी, अचला ठाकुर, विनित यादव, सुमित मिश्रा, राकेश अग्रवाल, ए डिकेश राव, शुभम परिहार, प्रीति चमन समुंद्रे, खोरबहारा सिन्हा, जैन साहू, अनिल पांडे, कलार सोनवानी, गिरीश साहू, गीता मानिकपुरी, सोमांशु गजेन्द्र, गीतांजलि परिहार, अभिषेक साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

**एलबी नगर।** मंडल भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बाजार चौक में मनाया



गया। कार्यक्रम में वेदराम ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, घनश्याम वैष्णव, चेतन साहू, देवेन्द्र यादव, अवध साहू, उमेदसिंह देवांगन, राजकुमार ताम्रकार, लखन साहू, भुवन धनकर, तारण साहू, सोहन साहू, राजेश देवांगन, तारण साहू अन्य उपस्थित थे।

**खुज्जी।** पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी की 100 वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मासूलकसा में जिला कार्यक्रम सह प्रभारी कैलाश शर्मा की उपस्थिति में मनाया गया। इस मौके पर अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी विरासत को



याद किया गया। श्री शर्मा ने पोखरण में परमाणु परीक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर दीनदयाल साहू, कपिल बघेल, गोपाल भुआर्य, उदासाबाई, पंचू पडौती, अंकालू रावटे, तामेश्वरी घरेन्द्र, ब्यासराम, सुखराम रावटे, लखन नायक, भीखुराम सहारे, दुखवाराम, सजनबाई, शंभुराम, दुलौरीनबाई, सुभोतिनबाई, शिवरात यादव, तिलोकबाई, गंगाबाई, घंसुराम, पेनकाराम, धरम सिंह, गोवर्धनलाल, जामुनबाई, हरिराम, फगनुराम, बिसालराम, कंवलसिंह नागेन्द्र, राधेलाल, लक्ष्मणराम आदि मौजूद थे।

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। गांव गांव में स्थापित अटल चबूतरा में अटल का चित्र रख कर पूजा अर्चना किया गया। उनके



आदर्श, विचार एवं कुशल नेतृत्व को याद किया गया। घिरघोली में पूर्व विधायक कोमल जंघेल की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने अटल जी को याद किया। इस अवसर पर सरपंच संतोष जंघेल, रोहित जंघेल, आत्मराम, धनीराम ठाकुर, चुम्मन जंघेल, युवराज सिंह, बालिकराम, अनुज जंघेल, राधे मेश्राम सहित अन्य मौजूद थे। नर्मदा भाजपा मंड़ल के खैरा नवापारा में जयंती श्रद्धापूर्वक मनाया गया, जिसमे मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, प्रकाश जंघेल, रमेश जंघेल, देवलाल साहू, भुनेश्वर सेन, पवन पटेल, सरपंच गोरेलाल वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। इसी प्रकार चकनार, पंडरिया, दरबानटोला, डुमरिया, मोहगांव, जंगलपुर, अचानकपुर आदि गांव में भी कार्यक्रम आयोजित कर अटल जी को नमन किया गया।

**सोमनी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में अटल चौक धीरी में मनाया गया। राज्य शासन के निर्देश पर अटल चौक के आसपास सफाई कर जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सरपंच मोरध्वज साव, पंच, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, महिला समूह की महिलाएं आदि उपस्थित थे।



# पुलिस भर्ती की जांच सहित अन्य मामलों में आंदोलन की चेतावनी




**राजनांदगांव।** जनता कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी द्वारा पांच अलग-अलग मामलों को लेकर प्रेस कान्फ्रेंस करते 26 दिसंबर से 26 जनवरी तक विभिन्न आंदोलन किए जाने की जानकारी दी गई।

जनता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शमसुल आलम और बहुजन समाजपार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि पुलिस भर्ती में जो अभ्यर्थियों को मानसिक, शारीरिक व आर्थिक क्षति हुई है, उसकी भरपाई प्रदेश सरकार करे और उन्हें न्याय दिलाए। भर्ती में गड़बड़ी की जांच एनआईए से कराई जाए। गड़बड़ी के मामले में गृहमंत्री विजय शर्मा तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे।

## आंगनबाड़ी में समस्या

वहीं आंगनबाड़ी के मामले को लेकर कहा कि आंगनबाड़ी के लिए सरकार के पास भवन और जगह नहीं है। किराये के भवन में अधिकांश आंगनबाड़ी चल रही है, जहां पानी और शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है।

## आरटीओ में भ्रष्टाचार

बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर प्रसाद ने बताया कि आरटीओ आफिस में कई गड़बड़ी की जा रही है। यहां के दो कर्मचारी के माध्यम से लाखों रुपए की अवैध वसूली कारोबार चल रहा है।

## आबकारी विभाग और महतारी वंदन योजना में गड़बड़ी

जनता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शमसुल आलम ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि आबकारी विभाग में भी जमकर गड़बड़ी हो रही है। शराब दुकान के लोकेशन आफिसर द्वारा कर्मचारियों के ट्रांसफर की गड़बड़ी की जा रही है। वहीं महतारी वंदन योजना में सनी लियोन नाम सहित लाखों लोगों के खाते में गलत तरीके से पैसा ट्रांसफर हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो संयुक्त रूप से सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ी जाएगी और जिला कार्यालय का घेराव आंदोलन के प्रथम में किया जाएगा और दूसरे चरण में संसद कार्यालय एवं विधानसभा का घेराव किया जाएगा। वहीं त्रि-स्तरीय चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

## हल्बा समाज संगठित, बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए करें प्रोत्साहित: मंडावी

# शक्ति दिवस पर घर-घर सजी रंगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में 26 दिसंबर का दिन अखिल भारतीय हल्बी-हल्बा आदिवासी समाज के स्वजातीय बंधु ने शक्ति दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। शक्ति की आराधना मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर सभी ने लोकमंगल की कामना की। इस अवसर पर समाज के प्रथम वीर शहीद गैंदसिंह को याद किया।

इस अवसर पर गांव-गांव में स्वजातीय माताएं-बहनें सुबह से ही अपने घरों के सामने गोबर से लीपकर रंगोली बनाएं। साथ ही आराध्य देवी के तैल्यचित्र में पूजा-अर्चना कर गांव की गलियों में शोभा कलश यात्रा निकाली गई, जहां वीर शहीद गैंदसिंह अमर रहे, शक्ति दिवस अमर रहे के नारे गुंजायमान रहे।

शक्ति दिवस पर मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने मानपुर के पंचाल फड़की तथा मोहला के कनेरी एवं दुगाटोला में शक्ति दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक ने कहा कि हल्बा समाज एक संगठित समाज है, हमें बस बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करना है। दुगाटोला में शक्ति दिवस पर हल्बा समाज द्वारा समाज के प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बंधुओं को भी सम्मानित किया गया।




## कलश यात्रा से कार्यक्रम की शुरूआत

मानपुर के ग्राम पंचाल फड़की में शक्ति दिवस पर हल्बा समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक महिलाओं ने सर्वप्रथम कलश यात्रा के माध्यम से कार्यक्रम की शुरूआत किया तथा झंडारोहन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक एकता एवं शक्ति का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर दिनेश शाह मंडावी, लच्छू साबले, रामकेवल विश्वकर्मा, बिहारी रावटे प्रबंधक, गिरधरलाल रावटे ब्लॉक प्रबंधक, महाराजी कड़ियाम, अवध चुरेंद्र, धरमुराम भुआर्य, परमेश्वर कोठारी, ओझाराम अंधारे, थानूराम कारटे, शेखर ठाकुर, महरू जाड़े, हरीश लाठिया, खीरसिंह पाथरे सहित सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## सही राह दिखाना हमारा कर्तव्य

समाज के प्रमुखों से आग्रह किया कि संगठित समाज को सही दिशा दिखाना, हम सभी का कर्तव्य है। संगठित समाज को सही दिशा दिखाने समाज में जन्मे बच्चों को हमें अच्छा शिक्षा देना है, अच्छी शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। वर्तमान समय में समाज के बदलते परिवेश ने हमें चिंता में डाल दिया है।

पाश्चत्य संस्कृति की झलक हमारे समाज में अपना जड़े फैला रही है। चलचित्र माध्यम से गलत आदतें, मद्यपान जैसे बुराई से हमें बचना है। वीर शहीद गैंदसिंह जैसे साहस का कार्य हमें भी करना है। वीर गैंदसिंह केवल हल्बा समाज ही नहीं, अपितु सर्वसमाज के लिए लड़ाई लड़े हैं, जो हमारे लिए अनुकरणीय है। आज हम सब शहीद गैंदसिंह के बलिदान को याद करते है। साथ ही उनके द्वारा सर्वसमाज के लिए किए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हैं। हम सबको एकता के सूत्र में बंधकर रहना है। विधायक ने इस दौरान कनेरी विधायक निधि 4 लाख से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया।

## पोल से टकराई कार

**राजनांदगांव।** शहर के स्टेट हाई स्कूल मैदान में एक स्विफ्ट कर विद्युत पोल से टकरा जाने से क्षतिग्रस्त हो गई।

बताया जा रहा है कि गुरुवार को चौखड़ियापारा निवासी रमेश भोजवानी और पुराना बस स्टैंड निवासी प्रकाश गुप्ता स्टेट हाई स्कूल मैदान में फुटबॉल मैच देखने जा रहे थे। इस दौरान मैदान पर अचानक एक व्यक्ति आ गया, जिसे बचाने की कोशिश में उनकी कार अनियंत्रित होकर मैदान में बने दर्शक दीर्घा के समीप विद्युत पोल से टकरा गई।

**कार के उड़े परखच्चे**

बताया जा रहा है कि ग्राउंड के भीतर कार की रफ्तार काफी तेज थी। जिसकी रफ्तार का अंदाजा इस टक्कर से लगाया जा सकता है। टक्कर के बाद सामने बांये से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार के इस हिस्से के परखच्चे उड़ गए और एक टायर भी अलग हो गया।

**एयर बैग खुलने से बची जान**

हादसे के दौरान कार के भीतर का एयरबैग खुलने से इसमें सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होने से बच गए। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उन्हें वाहन से बाहर निकला गया।

# मामूली विवाद पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

मामूली विवाद पर अपने ही मित्र पर आरोपियों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार ओपी जालबांधा क्षेत्र अंतर्गत केकराजबोड़ निवासी प्रार्थिया तीजन चंदेल 41 साल ग्राम केकराजबोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 दिसंबर को मंडई का कार्यक्रम एवं गोरेलाल बर्मन का सांस्कृतिक कार्यक्रम था। रात्रि लगभग 3 बजे नेमदास सिरमौर के किराना दुकान के पास जागेश्वर व पाहरू देवव्रत मारकंडे का आपस में गुटखा खाने की बात पर विवाद हुआ, जिस पर आरोपी पाहरु ने अपने पास रखे चाकू से जागेश्वर को जान से मारने की नियत से उसके पेट में गंभीर वार किया तथा देवव्रत मारकंडे ने अपने पास रखे डंडा से जान से मारने की नियत से मारपीट किया। रिपोर्ट पर धारा 109(1), 3(5) बीएनएस क़ायम कर विवेचना में लिया गया।

## घर में पकड़ाए आरोपी

इस मामले में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी एवं सायबर सेल प्रभारी अनिल शर्मा एवं चौकी जालबांधा प्रभारी बिरेन्द्र चंद्राकर के नेतृत्व में पुलिस टीम वारदात का आरोपी के ग्राम केकराजबोड घर में ही में होने की संभावना पर एक टीम गठित कर रवाना किया गया, जो ग्राम केकराजबोड आरोपी के घर में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। जिससे आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी कुलदीप उर्फ पहारू 25 साल, देवव्रत मारकण्डे 28 साल साकिनान केकराजबोड ओपी जालबांधा को 25 दिसंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश पर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

# मंच का अभ्यास वर्ग 27 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

हिन्दू जागरण मंच राजनांदगांव जिला की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यकारिणी विस्तार के लिए चर्चा हिंदू जागरण के कार्यो और उद्देश्यों के बारे में बताया गया।

जिला संयोजक आदर्श सिंह ठाकुर ने बताया कि हिन्दू जागरण मंच का प्रांत अभ्यास वर्ग कल 27 दिसंबर को शाम 6 बजे से 29 दिसंबर शाम 4 बजे तक तुलसी मंगलम सुंदर नगर रिंग रोड कं. एक रायपुर छग में किया जाएगा। जिसमें समस्त जिला कार्यकारणी एवं जिले में रहने वाले प्रांत कार्यकारणी सदस्य, आयाम टोली सदस्य, महिला आयाम, विधि आयाम के सदस्यगण वर्ग में अपेक्षित है।

# वीर बाल दिवस पर सफर-ए-शहादत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

गुरू सिंह सभा द्वारा चार साहबजादे की शहादत को समर्पित सफर शहादत का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरूद्वारा साहिब से पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे और समाज के लोग शामिल हुए।

सिक्ख समाज द्वारा आयोजित किए गए सफर शहादत के दौरान साहबजादों को समर्पित झांकी बनाई गई।

वहीं पंजप्यारों के रूप में बच्चों ने इस पैदल मार्च की अगवानी की। इस दौरान चार साहबजादे सहित छोटे साहबजादे के बलिदान, समर्पण एवं धर्म प्रेमभाव को आयोजन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।



## संगोष्ठी सभा का आयोजन

शहादत को नमन करने आयोजित किए गए इस कार्यक्रम के माध्यम से छोटे साहबजादे के त्याग, समर्पण और देशप्रेम के इतिहास को बताने संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया।

## बलिदान को समर्पित वीर बाल दिवस

गुरू गोबिंद सिंह के चार पुत्रों की शहादत को समर्पित प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को केन्द्र सरकार ने वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की है। धर्म परिवर्तन का दबाव नहीं मानने पर मुगल शासक द्वारा शाहबजादों को जिंदा दीवार पर चुनवा दिया गया था। उनके त्याग, बलिदान और देशप्रेम के भाव से बच्चों को अवगत कराने के लिए इस दिन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## शहादत से मिलती है प्रेरणा

सिक्ख समाज के कारणदीप सिंह अरोड़ा ने बताया कि लगभग 300 साल पहले 6 दिनों में गुरू गोविंद सिंह का परिवार शहीद हो गया। उन्होंने बताया कि इस दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस शहीदी पर्व में गुरू सिंह सभा द्वारा पैदल मार्च का आयोजन किया गया है। वहीं आयोजन को लेकर सरदार जरनैल सिंह भाटिया ने कहा कि यह आयोजन शहीदी सप्ताह को समर्पित है। दसवें गुरू दशमेश पिता गुरू गोविंद सिंह सर्वस्वदानी है। उन्होंने कहा कि साहबजादे की शहादत से हमें देश और धर्म को समझने की प्रेरणा मिलती है।

## पैदल मार्च का आयोजन

वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित सफर शहादत के आयोजन के दौरान गुरूद्वारा साहिब से निकली यात्रा शहर के महाकाल चौक होते हुए गुड़ाखू लाइन और जयस्तंभ चौक पहुंचकर वापस गुरूद्वारा साहिब में संपन्न हुई।

# आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक में चिकित्सकों की टीम उपलब्ध

**बिजनेस साइट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

राजनांदगांव शहर में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक पहल हुई है। आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक ने अपनी सेवाएं शुरू करते वरिष्ठ और अनुभवी चिकित्सकों की टीम को एक छत के नीचे उपलब्ध कराया है। यह क्लीनिक अब अंचलवासियों के लिए बड़े शहरों जैसी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा।

आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक में विभिन्न चिकित्सा विभागों के अनुभवी डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विशेषज्ञों की इस टीम में पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीनराम दारुका, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके साहू, नस, मस्तिष्क, स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह, निसंतानता एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. रैनी अग्रवाल, कान-नाक-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नमन पिंचा एवं चर्म रोग विशेषज्ञ जैसे विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी चिकित्सक शामिल हैं।

सभी प्रमुख रोगों का एक स्थान पर इलाज, जटिल बीमारियों के लिए विशेषज्ञ परामर्श, नियमित स्वास्थ्य जांच और उचित परामर्श, समय और धन की बचत के साथ उच्च स्तरीय सेवाएं।

## किफायती और सुलभ चिकित्सा सेवाएं

आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक का उद्देश्य हर वर्ग के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। यहां परामर्श और इलाज की प्रक्रिया को सरल और किफायती बनाया गया है। जिससे आम नागरिक भी आसानी से लाभ उठा सकते हैं। क्लीनिक की शुरुआत से राजनांदगांव के नागरिक बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि अब उन्हें इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक स्थानीय नागरिक ने कहा कि आरोग्यम क्लीनिक ने हमें हमारे ही शहर में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई है। यह हमारे लिए एक बड़ी राहत है।

# दो सौ से अधिक स्थानों में मना तुलसी पूजन दिवस

**राजनांदगांव।** 25 दिसंबर यानी तुलसी पूजन दिवस एक विश्वव्यापी पर्व बन गया है। भारतीय संस्कृति में तुलसी की बड़ी भारी महिमा बताई गई है। उन्हीं महिमा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु पूज्य संतश्री आशारामजी बापू द्वारा विभिन्न आयोजन किया जाता है। बापूजी द्वारा 2014 से शुरूआत हुई तुलसी पूजन दिवस आज भारत ही नहीं अपितु विदेशों में भी 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मना रहे हैं। इस वर्ष भी तुलसी पूजन दिवस पर 25 दिसंबर को श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा भर्रेगांव में भव्यता के साथ किया गया।

साथ ही बच्चों के आध्यात्मिक व लौकिक विकास के लिए विद्यार्थी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों बच्चों ने सफलता पाने की कुंजी, स्वस्थ्य रहने की कला तथा परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के प्रयोग सिखाये गए। तुलसी पूजन कार्यक्रम में सर्वप्रथम तुलसी माता को स्वच्छ स्थान पर विराजमान कर जल चढ़ाकर उनको तिलक लगाकर दीपक व कपूर से आरती उतारी जाती है तथा अच्छे स्वास्थ्य व पूरे देश में सुख-शांति बनी रहे, ऐसा संकल्प करते सात परिक्रमा किया गया।

बाल संस्कार केन्द्र के बच्चों ने नृत्य के माध्यम से तुलसी पूजन से संबंधित अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सरपंच सुलेखा चंद्राकर, भलभद्र चंद्राकर, जीवन केसरिया, भरतलाल चंद्राकर, रामाधार साहू, केजुराम सिन्हा, मदनलाल चंद्राकर, मंदाकनी दुबे के साथ ग्राम के प्रमुखजन उपस्थित होकर तुलसी माता का पूजन कर तुलसी पूजन दिवस मनाया।



## तुलसी की महत्ता

अगस्त्य संहिता में आता है कि संसार में तुलसी से अधिक पवित्र वस्तु दूसरी कोई नहीं है। वैज्ञानिकों ने भी इस बात को स्वीकारा है कि तुलसी कैंसररोधी, मधुमेहरोधी, कीटाणुनाशक, हृदयरक्षक तथा पेट के रोगों से रक्षा करने वाली दिव्य औषधि है।

## गांवों में भी मना त्यौहार

तुलसी पूजन दिवस पर योग वेदांत सेवा समिति अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व दिलीप सिन्हा ने बताया कि जिले में अब तक 200 से अधिक स्थानों में यह कार्यक्रम किया जा चुका है तथा आज ही भर्रेगांव के अलावा ढ़ोढिया, हल्दी, गंडई, खैरागढ, डोंगरगढ़, मोहला, छुरिया, डोंगरगांव में बड़े रूप में आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोग सम्मिलित हुए।

## पांच पत्ते खाने का संकल्प

कार्यक्रम उपरांत जनसमुदाय ने यादशक्ति और आरोग्यता बढ़ाने रोज 5 तुलसी के पत्ते खाने और अपने घर और मोहल्ले में इसी प्रकार प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को तुलसी के सामूहिक पूजन का आयोजन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खिलावन पटेल, विकास चंद्राकर, खुमेश निषाद, पुष्पेंद्र सिन्हा, दीपेश सिन्हा, एकता चंद्राकर, अंजू निषाद, विमला निषाद, अनिता निषाद, पूजा चंद्राकर, मुस्कान चंद्राकर, साक्षी चंद्राकर आदि का विशेष योगदान रहा।

# अहिंसा कप क्रिकेट पर महावीर इंडियंस का कब्जा, पंजाब किंग्स रहा उपविजेता



**राजनांदगांव।** जैन युवा संगठन द्वारा आयोजित अहिंसा कप के पहले सीजन में महावीर इंडियंस ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते खिताब अपने नाम किया। सामाजिक सद्भावना और एकता के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जैन समाज की महावीर इंडियंस टीम ने सिख समाज की किंग्स ऑफ पंजाब को पांच विकेट से हराकर खिताब जीता। आयोजन समिति की तरफ से विजेता टीम को 51 हजार नगद व आकर्षक ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 41 हजार नगद व ट्रॉफी प्रदान की गई।

प्रशांत बोहरा ने बताया कि शहर के सभी समाज को एक मंच पर जोड़ने के प्रयास हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में ब्राह्मण समाज, जैन समाज, सिख समाज, गुजराती समाज, सिंधी समाज, माहेश्वरी समाज सहित खंडेलवाल समाज की टीम ने हिस्सा लिया था।

## मिले पुरस्कार

प्रतियोगिता में सभी मुकाबलों को मिलाकर कुल 171 रन और 8 विकेट लेने वाले खिलाड़ी आशीष जैन को प्लेयर ऑफ थे टूर्नामेंट चुना गया। ऐसे ही सिख समाज के खिलाड़ी हरनेक जोहल को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और पवनदीप कक्कड़ को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। वहीं तेजस चौरड़िया को सर्वश्रेष्ठ फील्डर की ट्रॉफी दी गई। समापन समारोह में सभी समाज के पदाधिकारीगण, सदस्य तथा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संघर्षपूर्ण मुकाबले ने बढ़ाया रोमांच

प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले के साथ ही फाइनल मैच खेला गया। पहले सेमीफाइनल में सिख समाज की टीम ने ब्राह्मण इलेवन को 23 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जैन समाज की दो टीम आमने-सामने थी। जिसमें महावीर इंडियंस की टीम ने अंतिम तीन गेंद में तीन छक्के लगाकर रोमांचकारी मुकाबला अपने नाम किया। फाइनल मैच में पंजाब किंग्स द्वारा दिए गए 111 रन के टारगेट को पांच विकेट रहते हासिल कर महावीर इंडियंस ने मैच जीत लिया।

## पृष्ठ 9 का शेष

### चाकू दिखाकर डराया...

कर माननीय न्यायालय के आदेशनुसार जिला जेल दाखिल कराया गया। इधर इसी थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 दिसंबर को प्रदीप साहू ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह आटो चलाता है । सुबह साढे 10 बजे महामाया चौक में सवारी देखते खड़ा था कि आरोपी दिलजीत सिंह उर्फ बग्गु आया और पिताजी को उल्टा-सीधी बोलते हो, कहकर अपने हाथ में रखे तलवारनुमा लंबा चकू से प्रार्थी पर वार करने के लिए घुमाया, तब प्रार्थी अपने बचाव में तलवारनुमा चाकू को पकड़ लिया, जिसे आरोपी दिलजीत सिंह ने खींचा। जिससे प्रार्थी के दोनों हाथ पंजा कट गया। जिससे काफी खून निकला है। रिपोर्ट पर आरोपी दिलजीत सिंह उर्फ बग्गु उम्र करीबन 19 वर्ष निवासी बाजार गली बाजार चौक बसंतपुर, के विरूद्ध धारा 115 (2), 118 (1) बीएनएस दर्ज कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। विवेचना के दौरान धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गई। पुलिस ने आरोपी की पता तलाश कर घटना के 6 घंटे के भीतर आरोपी दिलजीत सिंह उर्फ बग्गु को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।

## निधन



### श्रीमती प्रभावरी झा

**खैरागढ़।** बख्शी मार्ग तुरकारीपारा निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य श्रीमती प्रभावरी झा पति स्व. प्रमोद कुमार झा का 25 दिसंबर को दुर्ग में आकस्मिक निधन हो गया। दिवंगत श्रीमती झा अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। वे शिक्षक राहुल झा, भास्कर और हरिश झा की माता थी। अंतिम संस्कार 26 दिसंबर को सुबह खैरागढ़ के अमलीपारा स्थित मुक्तिधाम में हुआ, जहां उनके ज्येष्ठ पुत्र राहुल झा ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में परिजनों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

स्वामी जी-93406-38884
10 जनवरी 2025
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
10 जनवरी 2025
19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 14,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025, 19 फरवरी से 01 मार्च 2025
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025,
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-14500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

सौगात: 1 करोड़ 53 लाख की लागत से मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का भूमिपूजन

# उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से युवाओं को मिलेगा खेल व शारीरिक प्रशिक्षण का नया प्लेटफार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गुरूवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेल गतिविधियों में उत्कृष्टता हासिल करने का एक नया अवसर मिल रहा है। उनके नेतृत्व में 24 मिनी स्टेडियमों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें गुरूवार को 01 करोड़ 53 लाख रूपए की लागत से ग्राम बड़ोदा खुर्द, सूरजपुरा व ग्राम सिंघनपुरी में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन गांवों में 51-51 लाख रूपए की लागत से यह स्टेडियम बनाए जाएंगे।

भूमिपूजन के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, लाला साहू, संतोष मिश्रा, सोहन, जनपद सदस्य रवि राजपूत सहित क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व युवा गण उपस्थित थे। मिनी स्टेडियम के निर्माण से ग्रामीण युवाओं को अब खेल और फिजिकल ट्रेनिंग के लिए शहर या दूसरे स्थान तक नहीं जाना पड़ेगा।

पहले जब तक स्थानीय स्तर पर उचित खेल सुविधाएं नहीं थीं, युवाओं को सैन्य भर्ती और अन्य खेल गतिविधियों के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ता था, जिससे उन्हें परेशानी होती थी। अब उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के इस अभिनव प्रयास से युवाओं को उनके क्षेत्र में खेल और शारीरिक प्रशिक्षण के बेहतर अवसर मिलेंगे।

## मिनी स्टेडियमों के निर्माण से युवाओं को मिलेगी जगह



भूमिपूजन के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने कहा कि उनका उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का उद्देश्य युवाओं को एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के मिनी स्टेडियमों के निर्माण से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का प्लेटफार्म मिलेगा और इससे ना केवल खेल में उनकी भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि समग्र रूप से उनके विकास में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मनी स्टेडियम केवल शुरुआत है। भविष्य में और भी खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के सभी युवाओं को खेल के प्रति अपनी क्षमता को विकसित करने का अवसर मिले। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के प्रयासों से ना सिर्फ खेल की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि मानसिक रूप से भी वे अधिक सशक्त होंगे, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा।

## मिनी स्टेडियम से मिलेगा ग्रामीण युवाओं को लाभ

वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी गुणवत्ता वाले स्टेडियम न होने के कारण युवा खेलों में अपनी प्रतिभा को निखारने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब मिनी स्टेडियम के निर्माण से उनकी मेहनत को सही दिशा मिलेगी। इन स्टेडियमों में युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार की खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो उन्हें अपनी फिटनेस और खेल कौशल को बढ़ाने में मदद करेंगी।

# क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान व अन्य फसलों की पैदावार में बढ़ी रुचि



■ ग्रीष्मकालीन धान फसल की तैयारी में जुटे ग्रामीण किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिले में किसानों की रुचि अब फसलों की पैदावार को लेकर उतार-चढ़ाव होने लगी है, जिले में गन्ना फसल पैदावार में किसान बड़े पैमाने से किए गए हैं लेकिन अब धीरे-धीरे गन्ने के पैदावार करने के लिए पिछे हट रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्रामीण किसान ग्रीष्मकालीन धान फसल व अन्य फसल लेने लगे हैं। वहीं इस ओर रुचि बढ़ाने लगे हैं साथ ही साथ अब गन्ना फसल की कटाई छटाई तथा बेचने के बाद किसान गन्ना के पत्ते को खेत में जल रहे हैं जिससे खेतो की उर्वरक शक्ति कमजोर होने लगे हैं। जिले में ग्रामीण किसान सोयाबीन का पहले बड़े पैमाने से उत्पादन पैदावार किसान कर रहे थे लेकिन सोयाबीन फसल की उत्पादन पर गहरा प्रभाव पड़ गया था खेतों की मिट्टी की उर्वरक शक्ति कमजोर के साथ साथ अब विलुप्त हो चुके हैं। वहीं समय-समय पर मिट्टी प्रशिक्षण भी करना चाहिए ताकि किसानों को अपनी अपनी खेतों की गुणवत्ता की जानकारी हो सके किसानों को अज्ञानता के कारण खेतों में फसल की अवशेष बची हुई को जलाने के लिए शासन प्रशासन को मना करना चाहिए तथा जन जागरूकता किया जाए। वहीं बरबसपुर सहित आसपास क्षेत्र के गांव गांव अब ग्रीष्मकालीन धान की फसल ले रहे हैं और किसानों के खेतों में धान हरा-भरा होने लगे हैं तथा हरियाली जैसे प्रतीक दिखाई देने लगे हैं।

## साहिबजादा फतेसिंह व जोरावर सिंह को दी गई भावभीनी श्रद्धाजंलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

वीर बाल दिवस के अवसर पर भाजयुमो मंडल पंडरिया में गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों को साहिबजादा फतेसिंह व जोरावर सिंह को दिया श्रद्धाजंलि व उनके विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमे प्रमुख वक्ता के रूप मे कुलदीप सिंह छाबड़ा उपस्थित थे, उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रविश सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता चंद्रकुमार सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह, श्रीमती पुष्पलता राज वरिष्ठ अधिवक्ता नवल किशोर पांडेय, भास्कर देवांगन, जनक चंद्राकर, विशाल शर्मा, पद्मराज टंडन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम साहू, सुमित तिवारी, प्रियेश शुक्ला, अनुराग ठाकुर, श्रीमती पूर्णिमा शर्मा, विजया शर्मा, मीनाक्षी ठाकुर, महंत सिंह राज, श्याम टंडन, संजय सोनी, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री झयकुमार चंद्रवंशी, जगमोहन साहू, मनमोहन साहू, तेजप्रकाश तिवारी, नरेंद्र निर्मलकर, गोल्डी यादव, रघु गुप्ता, रामू टंडन, चिंटू ठाकुर, शेरा, अजय, तमस्कर, त्रिपुरा, तामेश, यशवंत, सुनील, रंजीत, दिलेश्वर, जितेंद्र, अपेंद्र, धर्मेंद्र, इशकुमार, लालचंद साहू एवं समस्त युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## सत्यमेव जयते क्लब ने किया गर्म कपड़ा वितरण



**हरिभूमि कवर्धा।** जन सेवा ही प्रभु सेवा है। इस वाक्यांश को चरितार्थ करते हुए सत्यमेव जयते क्लब कवर्धा ने वर्ष के अंतिम महीने में अपनी अंतिम सामाजिक समारोह में बॉय-बॉय 2024 मुहीम चलाकर दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में जहां ठंड के दिनों में लोग बिना अंगेठा के रह नहीं सकते ऐसे ग्राम पंचायत जामुनपानी के आश्रित ग्राम बोदलपानी में पिछड़ी आदिवासी बैगा परिवारों के महिला-पुरुष एवं बच्चों को ठंडी से राहत दिलाने हेतु पोलर कंबल वितरण किया गया। इस समारोह में उपस्थित सत्यमेव जयते क्लब अध्यक्ष देवसिंह धुर्वे ने गांव की समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने मोहल्ले में कई वर्षों से सीसी रोड निर्माण नहीं होने की जानकारी दी। ऐसे में उन्हें कच्ची सड़क से ही गुजारा करना पड़ रहा है, साथ ही साथ बरसात के दिनों में आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बैगा परिवार के एक बच्ची (8 वर्ष) जिसकी माता नहीं है, आर्थिक कमजोरी व सही परवरिश अभाव की वजह से स्कूल नहीं जा पा रही है। उसे क्लब अध्यक्ष ने क्लब के निगरानी में पढ़ाने व रोजगार के योग्य बनाने की बात कही। इस अवसर पर क्लब उपाध्यक्ष परसराम कुशरे, कोषाध्यक्ष लालसिंह मरकाम, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार परते, सक्रिय सदस्य फलितराम बैगा, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मोतीलाल कुशरे, ग्राम मितानिन रामप्यारी बाई सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### आरपीएस स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन। गौरतलब है कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ ही साथ शालेय सहगामी प्रतियोगिताओं का होना भी आवश्यक एवं अनिवार्य है। इसी उद्येश्य की पूर्ति हेतु श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा नर्सरी से कक्षा 2रीं तक 20 मी. रेस, 50 मी. रेस, फ्रॉग रेस, प्लेट रेस, बॉल रेस, सुई धागा, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ कराया गया।

# राष्ट्रीय स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में चार खिलाड़ियों का चयन, खिलाड़ियों में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

70वी राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2024-25 महिला वर्ग का आयोजन भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं महाराष्ट्र बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में महाराष्ट्र (मुंबई) कामोटे में 26 से 29 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही है, इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन की 10 सदस्यों की टीम घोषित की गई।

जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ से 10 में कवर्धा के 4 खिलाड़ियो का चयन किया गया साथ ही साथ कवर्धा की खिलाड़ी जिसमें क्षमानिधि जांगड़े को छत्तीसगढ़ टीम का कप्तान बनाया गया। वहीं चयनित खिलाड़ियों क्षमानिधी जांगड़े, मीरा साहू, लता साहू, रिया तिवारी शामिल है, यह छत्तीसगढ़ की टीम 25 दिसम्बर को सुबह 10 बजे दुर्ग रेलवे स्टेशन से हावड़ा मुंबई मेल एक्सप्रेस से महाराष्ट्र मुंबई के लिए रवाना हुए।

### बालिका टीम ने सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले का किया नाम रौशन

छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त सचिव एवं प्रशिक्षक अविनाश चौहान ने बताया की भिलाई में 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। जिसमे कवर्धा की बालिका टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया था, जिसके आधार चयनकर्ता द्वारा इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं महाराष्ट्र के मुंबई में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने बेहतर प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ टीम को पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन करेंगे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.ई.पंजी./202412082200076 /अ-6/वर्ष 2024-25

आवेदक मनोज गुप्ता पिता ईश्वर प्रसाद गुप्ता साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-15 ए भू-खण्ड क्रं. 110/1 क्षेत्रफल 527.25 व.मी. जौ नजूल संधारण खसरा में बालकृष्ण, अन्नी, पिता राम अवतार, चंद्रिका पति रामरतन, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, विनोद पिता भोलाराम, सरोजबाई पति भोलाराम गुप्ता के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक10.12.2003 के अनुसार अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 24/01/25 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24/12/24 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक - 24.12. 2024
पेशी तिथि - 24. 01. 2025

मुहर

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

# स्वयंसेवक संघ का सात दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सात दिवसीय प्राथमिक वर्ग आत्मानंद हाईस्कूल बोड़ला में किया गया। मुख्य वक्ता संजय तिवारी छग प्रांत प्रचार प्रमुख ने कहा कि संघ को सौ वर्ष होने वाला हैं, आज विश्व के 40 देशो तक संघ पहुंच चुका है। संघ के कार्यकताओं ने पत्थर के ऊपर दुब उगाकर दिया है। आज संघ पर विद्यार्थी, शोध कर रहे हैं।

संघ के प्रबंधन का पाठ पढ़ाया जा रहा है, कार्यकर्ताओं ने दिन-रात, सर्दी-गर्मी सब झेलते हुए संगठन को खड़ा किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हिंदुओ के ऊपर संगठन का भाव भरने का काम किया है। यह काल स्वयंसेवको कार्यकर्ताओं और शाखा के परिवर्तन की बेला है। इस राष्ट्र को परम वैभव की ऊंचाई पर लेकर जाना है तो सबको साथ लेकर चलना पड़ेगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज में पंच परिवर्तन के लिए कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण स्व का बोध, पर्यावरण एवं नागरिक कर्तव्य बोध के माध्यम से समाज में परिवर्तन करने का लक्ष्य रखा है। सामाजिक समरसता सभी समाज के लोंगो को एक साथ मिलकर रहना, भोजन करना, हमारा एक शमशान हो, एक मंदिर, एक घाट हो। कुटुम्ब प्रबोधन परिवार के साथ एक समय का भोजन, भजन, भ्रमण करना। पर्यावरण पौधा लगाना, पानी की बचत करना, प्लास्टिक का उपयोग बंद करना। इस दौरान वर्ग कार्यवाह कामदत्त गेंड्र, शिक्षार्थी व शिक्षक तथा स्वंयसेवक उपस्थित थें।

## हाई स्कूल सोमनापुर नया व आसपास का क्षेत्र बना तम्बाकू मुक्त संस्थान



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्रांतर्गत शासकीय हाई स्कूल सोमनापुर नया को तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान घोषित किया गया। इन संस्थानों में कार्यरत संस्था प्राचार्य संतोष कुमार साहू, व्याख्याता योगेश कुमार गुरुदिवान, महेन्द्र कंठले, शकुन पाटले, ज्योति ध्रुव एवं छात्र छात्राओं ने तम्बाकू उत्पाद निषेध दिवस पर जन-जारुकता रैली, ड्रामा, संगोष्ठी, पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरुक किया था। इन शिक्षकों ने विद्यालयों के आसपास तम्बाकू उत्पादों का विक्रय बंद करा दिया है। स्कूल के 100 गज की परिधि में तम्बाकू उत्पाद बेचने या सेवन करने पर 200 रुपए तक का अर्थदंड लगेगा। हाई स्कूल सोमनापुर नया में तम्बाकू निषेध कमेटी का गठन किया गया। जिसमे शिक्षक, छात्र व स्वेक्छिक संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हैं तम्बाकू व उसके उत्पादों से छात्र छात्राओं का मन मस्तिष्क प्रभावित होने के साथ ही स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधान लागू किए हैं। इस तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान घोषित होने पर शिक्षकों के इस अनुकरणीय कार्य के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता, शैक्षिक समन्वयक शत्रुहन प्रसाद डड़सेना, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष शिव पटेल, सरपंच भूपेन्द्र पटेल, ग्रामवासी व जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

# अशोका स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के प्रतिष्ठित अशोका पब्लिक स्कूल में बड़े ही धूमधाम से त्रि-दिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न हुई। जिसमें प्रथम दिवस में एपीएस-2 मजगांव रोड में नवीन भवन का उद्घाटन किया, जिसमें अशोका पब्लिक स्कूल का फेस-2 संचालित होगा, जिसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक की हिन्दी और इंग्लिश मीडियम की कक्षा संचालित होगा साथ ही साथ छात्र छात्राओं को हॉस्टल की सुविधा भी मिलेगी। जिसमें छात्र-छात्राओं को कॉम्पिटेटिव परीक्षा नीट, आईआईटी, पट-पेट की फ्री कोचिंग भी कराई जाएगी। वहीं उत्सव के दूसरे दिन समस्त प्रतिभावान छात्र छात्राओं का पुरस्कार वितरण किया जिसमें नेशनल लेवल में 2 गोल्ड मेडल प्राप्त किए संध्या कौशिक, नेशनल लेवल में पार्टिसिपेट किए लगभग 17 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही स्टेट लेवल में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले हिमेश यादव, सोहम, वैनि, प्राची, ओमकुमार, सिल्वर मेडल प्राप्त किए शीनू, सोनाक्षी, रुद्र, चोलेश्वर, स्नेहलता, उमेश्वरी, आयुष, विवेक, आलिया जारा, साथ ही कक्षा 10वीं 12वीं में टॉपर विद्यार्थी जलधी केशरवानी, सोनम वर्मा को भी सम्मानित किया गया, साइंस के क्षेत्र में स्टेट लेवल में साइंस मॉडल में अपनी स्थान बनाने वाले एवं कॉमर्स फील्ड में स्टार्टअप बिजनेस आइडिया हेतु भी सर्वश्रेष्ठ स्थान बनाने वाले को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के तीसरे दिन एपीएस-1 का बड़े ही भव्य रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों द्वारा शानदार कार्यक्रम आयोजित कर भारत एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न संस्कृतियों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें सेल्फ डिफेंस को लेकर कराटे का मंचीय प्रदर्शन साथ ही छत्तीसगढ़ एवं भारत के अलग-अलग राज्य के विभिन्न सांस्कृतिक को मंच में प्रदर्शित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रथम दिवस चंद्रशेखर चंद्राकर प्रदेश अध्यक्ष, सुशीला रामकुमार भट्ट अध्यक्ष जिला पंचायत, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, पार्षद एवं सभापति उमंग पाण्डेय तथा द्वितीय दिवस में हरिराम साहू अध्यक्ष जिला कांग्रेस, मोहित माहेश्वरी, तुकाराम चंद्रवंशी, नरेंद्र देवांगन, शीर्ष चंद्रवंशी वहीं तीसरे दिवस सांसद संतोष पाण्डेय, सियाराम साहू पूर्व विधायक, दिनेश चंद्रवंशी अध्यक्ष जनपद पंचायत, रामशरण चंद्रवंशी, अश्वनी श्रीवास साथ ही साथ स्कूल के डायरेक्टर पवन देवांगन एवं सारिका देवांगन, प्राचार्य लोकनाथ देवांगन, अलका चंद्रवंशी, एडमिन सागर नामदेव सहित पालकगण उपस्थित थें।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विधायक भावना ने सीसी रोड के लिए दी राशि

**कोलेगांव।** जिले के विधानसभा पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत घोरपेड्री के आश्रित ग्राम बसनी में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्रामीणों की मांग व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सीसी रोड निर्माण के लिए विधायक मद से 5 लाख 20000 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। वहीं एक अन्य सीसी रोड निर्माण के लिए समग्र विकास मद से 10 लाख की राशि विधायक के प्रयास से स्वीकृत की गई। विधायक द्वारा गांव के विकास के लिए राशि स्वीकृत किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है और उन्होने विधायक के प्रति आभार व्यक्त कि है।

### पंजीयन नवीनीकरण की अंतिम तिथि 31 तक

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। ऐसे श्रमिक जिनका पंजीयन वैधता समाप्त हो चुका है और एक वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है, उनके पंजीयन को नवीनीकरण हेतु 31 दिसम्बर 2024 तक आवेदन प्रस्तुत करना आवश्यक है। निर्माण श्रमिकों को पंजीयन नवीनीकरण के लिए श्रमेव जयते मोबाइल एप, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र, विभागीय वेबसाइट, या च्वाईस सेंटर के माध्यम से आवेदन करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि यदि श्रमिक 31 दिसंबर 2024 तक नवीनीकरण हेतु आवेदन नहीं करते हैं, तो उनका पंजीयन अपंजीकृत माना जाएगा और वे भविष्य में श्रम कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: पंजीयन प्रारंभ

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कबीरधाम जिले में पात्र कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई है। यह योजना गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों या मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत राशन कार्डधारी परिवारों की 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की अविवाहित कन्याओं के लिए है। इस योजना में विवाह के लिए वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।

# पुलिस चौकी दशरंगपुर के नवीन भवन निर्माण का विधायक भावना ने किया भूमिपूजन

■ लोगों को सहायता प्रदान करने व अपराध नियंत्रण में मददगार साबित होगा नवीन भवन : बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के थाना पिपरिया अंतर्गत पुलिस चौकी दशरंगपुर के नवीन चौकी भवन के निर्माण कार्य के लिए गुरूवार को भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने उपस्थित होकर तथा विधिवत पूजा-अर्चना कर नए चौकी भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक (एसडीओपी) कृष्ण कुमार चंद्राकर, रक्षित निरीक्षक महेश्वर नाग, थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक कमलकांत शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक संदीप चौबे और रूपराम पट्टावि उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि दशरंगपुर चौकी का यह नवीन भवन क्षेत्र की जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम है। पुलिस प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से यह परियोजना साकार हो रही है। मुझे विश्वास है कि यह भवन नागरिकों को समय पर सहायता प्रदान करने, अपराध नियंत्रण में मददगार बनने और पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह भवन न केवल सुरक्षा का प्रतीक बनेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी एक नई दिशा देगा। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन के दौरान कहा कि नवीन चौकी भवन का निर्माण कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इससे पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और अपराध नियंत्रण को नई दिशा मिलेगी।

### नागरिकों में खुशी का माहौल



कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। एक स्थानीय नागरिक ने कहा, चौकी भवन का निर्माण हमारी सुरक्षा के प्रति पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह भवन हमारे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाए रखने में सहायक होगा। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में दिनेश चंद्रवंशी, खिलेश्वर साहू, भुनेश्वर चंद्राकर और मनोज राजपूत ने भी इस परियोजना के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

### आधुनिक व सुविधा जनक होगा भवन होगा

यह चौकी भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिसमें पुलिस कर्मियों के कार्य को सुचारु रुप से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। चौकी का यह भवन क्षेत्र में पुलिस की प्रभावशीलता को बढ़ाएगा और नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करेगा। स्थानीय नागरिकों और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों से यह चौकी भवन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा और दशरंगपुर तथा आसपास के क्षेत्रों के लिए एक नई आशा का केंद्र बनेगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह जिले की सीमा पर स्थित अंतिम पुलिस चौकी है।

**समस्या:** जाम से निपटने धान के स्टैकिंग की ऊंचाई बढ़ाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

# उठाव का अभाव, केन्द्रों में अब खड़ा होगा धान कट्टों का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एक प्रकार से जिले के धान खरीदी केन्द्रों में पड़े धान का तीव्रता से उठाव कराने में असमर्थ हो चुके प्रशासन ने अब जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान के स्टैकिंग की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। चालू भाषा में कहा जाए तो अब केन्द्रों में उठाव के आभाव में धान के कट्टों का पहाड़ बनाने के लिए कह दिया गया है ताकि कम स्थान पर अधिक से अधिक धान रखा जा सके और उठाव के आभाव में भी धान खरीदी बंद न हो सके। दरअसल कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सोमवार को कवर्धा विकासखंड के ग्राम बिरकोन स्थित धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने केन्द्र में उपलब्ध स्थान और धान के उठाव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में धान की आवक के लिहाज से उठाव की रफ्तार काफी धीमी पाई गई। जिससे यहां जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। बताया गया कि यह हालात सिर्फ एक केन्द्र के नहीं बल्कि जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों के हैं। इस गंभीर समस्या का तोड़ निकालते हुए अब जिला प्रशासन के मुखिया ने संबंधित अधिकारियों को धान के स्टैकिंग की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि स्थान की कमी न हो और धान का उठाव नियमित रूप से होता रहे। उन्होंने धान के उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी जोर दिया। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि निरंतर धान का उठाव सुनिश्चित करने से किसानों की परेशानी कम होगी और खरीदी प्रक्रिया निर्बाध रूप से जारी रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। देखने वाली बात होगी की धान उठाव की गंभीर समस्या के बीच जिला प्रशासन का यह नया फार्मूला कितना कारगर साबित होती है।



### अब तक कुल 3,26,689 मीट्रिक टन धान में से मात्र 74155 मीट्रिक टन धान का उठाव

जिले में धान के उठाव की खस्ताहाल और चरमराई स्थिति को प्रशासन द्वारा ही जारी आंकड़ों से ही समझा जा सकता है। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक जिले में 14 नवम्बर से लेकर अब तक 70 हजार 670 किसानों से कुल 3,26,689 मेट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जिसमें से मात्र 74155 मेट्रिक टन धान उठाव अब तक किया गया है। जिसमें मिलर्स द्वारा 24163 मेट्रिक टन एवं संग्रहण केंद्र के परिवहनकर्ताओं द्वारा 49992 मेट्रिक टन धान का उठाव हुआ है। इस प्रकार कुल 74155 मेट्रिक टन धान का उठाव उपार्जन केंद्रों से हो चुका है। जबकि जिले के केन्द्रों में अब भी 252534 मेट्रिक टन धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। प्रशासन के मुताबिक जिले में 59801 मैट्रिक टन धान का डीओ और 90032 मैट्रिक टन टीओ जारी किया गया है।

# शहर में उत्पात मचाने वाले सात आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीती रात नगर के मिनीमाता चौक में मामूली सी बात पर पिता पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट करने वाले और सरेआम उत्पात मचाने वाले सात युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस आरोपियों के खिलाफ धारा 170/125, 135 (3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की रात कवर्धा कोतवाली क्षेत्र अंततर्गत नगर के मिनीमाता चौक में कुछ युवकों की मोटर सायकल को एक अन्य युवक ने ठोकर मार दी। इस मामलू सी बात को लेकर नशे में धुत्त सात युवकों ने मिल कर पिता और पुत्र की बेरहमी से बेल्ट तथा हांथ, मुक्कों से बेरहमी से पिठाई कर दी। इतना ही नहीं शराब के नशे में धुत्त युवक मार्ग से आने जाने वालों तथा आसपास रहने वालों के साथ भी मारपीट तथा गाली गलौंच कर रहे थे। जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने सातों युवकों को दबोच लिया और उन्हें कोतवाली लाने के बाद उनके खिलाफ धारा 170/125, 135 (3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस तरह का मामला सामने आने पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि ऐसे युवाओं को अपनी आदतें सुधारनी होंगी, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में एसडीओपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, प्रशिक्षु डीएसपी सिद्धार्थ सिंह, थाना प्रभारी लालजी सिन्हा और उनकी पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस टीम में शामिल आरक्षकों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शांति व्यवस्था बहाल की। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




सुशासन दिवस, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आज सहकारिता विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा समृद्धि योजना के तहत नवीन बहुउद्देशीय डेयरी और मत्स्य समितियों के उद्घाटन का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न नवीन पंजीकृत दुग्ध और मत्स्य सहकारी समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इनमें प्रमुख रूप से श्री कृष्णा दुग्ध समिति सेन्हाभाटा, कान्हा दुग्ध सहकारी समिति चारभाठा खुर्द, मां महामाया दुग्ध सहकारी समिति मानिकचौरी, गोपाल दुग्ध सहकारी समिति रुसे और बिलासा देवी मछुआ सहकारी समिति कोलगांव शामिल हैं। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, राजनांदगांव की कुंडा शाखा द्वारा श्री कृष्णा दुग्ध सहकारी समिति सेन्हाभाटा को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) वितरित किया गया। साथ ही, सेवा सहकारी समिति के माध्यम से संचालित सीएससी के तहत सर्वाधिक ट्रांजैक्शन करने वाली समिति कवर्धा के प्रबंधक और ऑपरेटर को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में सर्वाधिक दवाइयां वितरित करने पर समिति बिरकोना के प्रबंधक को भी शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता उप आयुक्त सतीश कुमार पाटले, उपसंचालक डॉ. एसके मिश्रा, सहायक संचालक आरडी सिंह, नोडल अधिकारी सहकारी बैंक रवि प्रकाश मिश्रा सहित सहकारिता विभाग के अन्य कर्मचारी और समिति प्रबंधक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अंकेक्षण अधिकारी ऋषि कुमार ध्रुव ने किया और आभार प्रदर्शन नोडल अधिकारी रवि मिश्रा ने किया।

# समनापुर में गौचर व नलकूप खनन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे ग्राम पंचायत समनापुर के ग्रामीणों ने कवर्धा विधायक एवं प्रदेश उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर गांव में चारागाह के लिए प्रस्तावित भूमि पहन 02 रकबा 2.5170 एवं 212/2 रकबा 0.8490 हैक्टेयर में बोर खनन एवं चारा/पैरा रखने के लिए मकान निर्माण कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत समनापुर के ग्रामीण सुरेश कुमार, सोनेलाल, रघुनाथ, रतन सिंह, गोकुल, फुलूराम, बाबुलाल, देवकुमार, मनराखन सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम समनापुर कवर्धा शहर से लगा होने के कारण यहां कवर्धा शहर तथा आसपास के बाहरी गांवो के लावारिश मवेशियों का सकरी नदी पुल के ऊपर तथा भोरमदेव रोड, हमेशा जमावड़ा रहता है। जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है और आम लोगों सहित मवेशियों को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होने बताया कि समनापुर पुल से देररात तक ग्रामीण वाहन चालकों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन मवेशियों के जमघट के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए कवर्धा विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपकर गांव में चारागाह के लिए प्रस्तावित भूमि पहन 02 रकबा 2.5170 एवं 212/2 रकबा 0.8490 हैक्टेयर में बोर खनन एवं चारा/पैरा रखने के लिए मकान निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# लोधी समाज ने किया बालिका उत्थान कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



लोधी समाज के तत्वावधान में बालिका उत्थान और विकास संबंधित कार्यशाला का आयोजन कबीरधाम के समस्त सर्किल अंतर्गत ग्रामों में किया जाएगा। इस कड़ी में आज जिंदा सर्किल अंतर्गत ग्राम जिंदा में कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यवक्ता के तौर पर समाज के जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक और जीवन कौशिक प्रदेश संगठन मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिंदा सर्किल अध्यक्ष अजीत कौशिक ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी और भारत माता के तैलचित्र की पूजा अर्चना की गई। सर्किल अध्यक्ष अजीत कौशिक ने उपस्थित सभी समाजजनों, महिला शक्ति और बच्चियों का स्वागत अभिनंदन किया। तत्पश्चात समाज प्रमुख बृजनंदन कौशिक, लक्ष्मण कौशिक, रघ्घू कौशिक, घसिया कौशिक, बबला कौशिक ने अपने विचार साझा किए। प्रदेश संगठन मंत्री जीवन कौशिक ने कार्यशाला में उपस्थित बच्चियों के साथ वार्तालाप करते हुए शिक्षा और रोजगार सबंधित जानकारी साझा किये। विभिन्न आपातकालीन नंबर जैसे महिला एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक ने बच्चों के साथ संवाद किया और कहा कि समाज बच्चों के विकास के लिए हमेशा तत्पर है। अंधविश्वास एवं कुरीतियों से दूर रहने, विज्ञान और तकनिकों के बारे में चर्चा किए। कार्यक्रम में महिला संगठन के महासचिव भगवती कौशिक, कांति कौशिक, सुमन लता कौशिक और सामाजिक वरिष्ठ जन के साथ साथ सैकड़ो की संख्या में बच्चे उपस्थित थे। कार्यशाला के उपरांत आभार प्रदर्शन सर्किल महासचिव कमलेश कौशिक ने किया।

**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की घोषणा का तेजी से हो रहा क्रियान्वयन**

# जेवडन में 6 लाख से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

क्षेत्र के विकास को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किए गए विकास कार्यों की घोषणा के बाद उनका क्रियान्वयन तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कवर्धा विधानसभा के ग्राम जेवडन में 6 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। यह कार्य क्षेत्र में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी और क्षेत्रीय नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर मुनिराम चंद्रवंशी, वीर सिंह पटेल, मिथलेश बंजारे, अमित चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, जगेशर पटेल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। ग्रामवासियों ने इस विकास कार्य की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक अहम कदम बताया। यह सीसी रोड ग्रामवासियों के लिए बेहतर परिवहन सुविधा सुनिश्चित करेगा, जिससे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। मुनिराम चन्द्रवंशी ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामों में सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों से सहयोग की अपील की ताकि इस कार्य को समय पर और गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा किया जा सके। इस कार्य के पूरा होने के बाद ग्राम जेवडन और आसपास के क्षेत्रों में यातायात की स्थिति में सुधार होगा और ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। सीसी रोड निर्माण कार्य की शुरुआत से स्थानीय समुदाय में खुशी का माहौल है, और लोग इसके जल्द पूरा होने की उम्मीद कर रहे हैं। ग्रामवासियों ने उम्मीद जताई कि इस तरह के और विकास कार्य आगे भी जारी रहेंगे, जिससे उनकी जीवनशैली में सुधार होगा और गांव की तस्वीर बदल जाएगी।

# नववर्ष के स्वागत की तैयारियां प्रारंभ, युवाओं में दिख रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नववर्ष के आगमन को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। जिसे देखते हुए लोगों ने वर्ष की विदाई और नववर्ष तैयारियां प्रारंभ कर दी है। नववर्ष को लेकर दुकानों में भी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। गिफ्ट कार्नरों में जहां विभिन्न प्रकार की उपहार सामग्री सजाई गई है वहीं होटल, रेस्टोरेंट संचालक भी नववर्ष के स्वागत में दी जाने वाली छोटी-बड़ी पार्टियों के हिसाब से अपने प्रतिष्ठानों को तैयार करने में जुट गए हैं। कुछ युवाओं की टोलियों द्वारा नए वर्ष के स्वागत और जश्न को लेकर अधुनातन डीजे साऊन्ड सिस्टम से लेकर कर्कश पोंगा और साऊन्ड बाक्सों तथा वाहनों की धड़ाधड़ बुकिंग की जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि हाल के कुछ वर्षो के दौरान नए वर्ष के स्वागत का जादू गांवों तक पसर चुका है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी नववर्ष मनाने युवाओं द्वारा तैयारियां की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस दौर में नववर्ष को भी प्रायः हर वर्ग के लोग किसी त्यौहार की तरह ही मानते हैं और इसके लिए कई दिनों पहले ही तैयारियां प्रारंभ कर दी जाती हैं। खासकर युवा वर्ग नववर्ष को लेकर खासा उत्साहित नजर आता है। नववर्ष के मौके पर जिलेभर के लोग रमणीक धार्मिक व पुरातत्व स्थलों भोरमदेव, चिल्फघाटी, सूपखार,, छीरपानी, लालपुर, सरोधा, सहसपुर लोहारा, रेंगाखार जंगल, रामचुआ, झिरना, जलेश्वर महादेव आदि स्थानों पर पहुंचकर अपने-अपने ढंग से नववर्ष मनाते हैं। खासकर वर्ष की विदाई और नववर्ष के स्वागत को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जाता है और अपने-अपने ढंग से कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इस बार भी युवा अपनी तैयारियों में जुट गए हैं।